'राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समाचार गेट

TITLE CODE : HARHIN11569

वर्ष 01, अंक 190 पृष्ठ 08 मूल्य 01 रुपए बुधवार, 25 सितंबर 2024 samachargate@gmail.com

बल्लभगढ शहर में चल रही राव रामकुमार की लहर
Page 3



# विकास का जो रोडमैप तैयार किया है उसे संकल्प के साथ पूरा करेंगे : नायब सैनी

**भाजपा सरकार 2 लाख युवाओं को बिना पर्ची और बिना खर्ची के देगी सरकारी नौकरियां: मुख्यमंत्री नायब सैनी**

**तिगांव विधानसभा रैली में सीएम ने कहा, 8 तारीख के बाद महिलाओं को हर महीने मिलेंगे 2100 रुपये**



फोटोः ओमप्रकाश पांचाल।

समाचार गेट/संजय शर्मा

**फरीदाबाद।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने मंगलवार को फरीदाबाद तिगांव से भाजपा प्रत्याशी राजेश नागर के समर्थन में 'नॉन-स्टॉप विकास, भाजपा पर विश्वास' जनआशीर्वाद रैली की। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि भाजपा ने विकास का जो रोडमैप तैयार किया है उसे 8 अक्टूबर के बाद संकल्प के साथ पूरा किया जाएगा। भाजपा 2 लाख युवाओं को बिना पर्ची और बिना खर्ची के योग्यता के आधार पर सरकारी नौकरी देगी।

नायब सैनी ने कहा कि 56 दिन के कार्यकाल में मैंने ऐतिहासिक 126 निर्णय जनहित में लिए हैं। पूर्व सीएम हुड्डा पर निशाना साधते हुए सीएम सैनी ने कहा कि हुड्डा साहब बोलते हैं कि नायब सैनी सिर्फ घोषणाएं कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि हुड्डा साहब मैं गरीब पिछड़े परिवार का बेटा हूं, किस गति से चलना है यह मुझे मालूम है और मेरा विजन भी स्पष्ट है। हमारी सरकार जो भी निर्णय लेती है उसे धरातल पर लागू करती है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 5 अक्टूबर को लोकतंत्र का महापर्व है, सभी लोग इस पर्व में हिस्सा लेकर 8 अक्टूबर को तिगांव विधानसभा में कमल का फूल खिलाकर हरियाणा में तीसरी बार भाजपा की सरकार बनाने का काम करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार मिशन मोड़ पर काम करती है। पिछले 10 वर्षों में हमारी डबल इंजन की सरकार ने जबरदस्त कार्य किए हैं। सड़कें, इंफ्रास्ट्रक्चर, हर घर पानी पहुंचाया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि तीज पर्व पर प्रदेश की बहनों ने मुझे जींद बुलाया था। जींद में मैंनें बहनों से 500 रुपये में गैस सिलेंडर देने का वादा किया और हमने हर घर गृहणी योजना बनाकर बहनों को 500 रुपये में सिलेंडर देने का काम किया जो एक अगस्त से शुरू हो चुका है। मुख्यमंत्री शहरी आवास योजना के तहत गरीब लोगों को 30 गज प्लॉट देने का निर्णय हमारी सरकार ने लिया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा सरकार अभी तक 15 हजार 630 लोगों को 30-30 गज के प्लॉट दे चुकी है। 8 अक्टूबर के बाद जो भी पात्र व्यक्ति होगा उन्हें प्लॉट दिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि गरीब परिवारों के बिजली के बिल को जीरो करने की योजना के तहत भाजपा सरकार ने 1 लाख 80 हजार से कम आय वाले परिवारों की छतों पर दो किलोवाट का सौलर पैनल लगाने की योजना शुरू की है जिसका सारा खर्चा सरकार उठाएगी। हमारी सरकार ने दो किलोवाट तक बिजली खर्च करने पर सरचार्ज माफ करने का काम भी किया है।

**8 तारीख के बाद महिलाओं को हर महीने मिलेंगे 2100 रुपये**

अपनी सरकार की उपलबधियां गिनवाते हुए सीएम सैनी ने कहा कि एक लाख से कम आय वाले परिवारों को हमने हैप्पी कार्ड दिया है। अब गरीब व्यक्ति 1000 किलोमीटर तक फ्री में यात्रा कर सकता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा ने संकल्प पत्र में बहनों को लाडो लक्ष्मी योजना के तहत हर माह 2100 रुपये देने की गारंटी दी है जिसे 8 तारीख के बाद शुरू कर दिया जाएगा।

**10 जिलों में स्थापित की जाएंगी आईएमटी**

मुख्यमंत्री ने कहा कि आईएमटी खरखौदा की तर्ज पर हरियाणा के 10 जिलों में आईएमटी स्थापित की जाएगी। हर आईएमटी में स्थानीय 50 हजार युवाओं को नौकरियां मिलेंगी। सरकार ने आयुष्मान और चिरायु कार्ड का भी विस्तार किया है। अब गरीब व्यक्ति 10 लाख रुपये तक का निशुल्क इलाज करा सकते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के सभी सरकारी अस्पतालों में डायलिसिस कराने की सुविधाएं भी उपलब्ध करा दी जाएंगी।

**एससी और बीसी समाज के छात्रों को छात्रवृत्ति देगी सरकार**

मुख्यमंत्री ने कहा कि आने वाले समय में हरियाणा के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में 5 लाख नए मकान बनाकर गरीब लोगों को देंगे। हर जिला में एक ओलंपिक नर्सरी खोली जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि अग्निवीरों को लेकर कांग्रेस दुष्प्रचार फैला रही है। हमारी सरकार अग्निवीरों को प्राथमिकता के आधार पर सरकारी नौकरी देने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने यह भी निर्णय लिया है कि एससी और बीसी समाज के बच्चें जो मेडिकल, इंजीनियरिंग किसी भी कॉलेज में पढ़ते हैं उन्हें छात्रवृत्ति दी जाएगी।

**कांग्रेस आरक्षण छीनना चाहती है : अशोक तंवर**

पूर्व सांसद एवं भाजपा नेता डा. अशोक तंवर ने भी रैली को संबोधित किया। डा. तंवर ने कांग्रेस को आड़े हाथो लेते हुए कहा कि आरक्षण को अगर किसी से खतरा है तो कांग्रेस पार्टी से है। राहुल गांधी ने अमेरिका में कहा है कि कांग्रेस आरक्षण को समाप्त कर देगी। कांग्रेस को घेरते हुए डा. अशोक तंवर ने कहा कि कांग्रेस गरीब और दलित विरोधी पार्टी है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के भ्रष्टाचार की पोल कांग्रेस के प्रत्याशी खोल रहे हैं। कांग्रेस के प्रत्याशी 50 वोट पर एक नौकरी देने की बात कर रहे हैं। पर्ची और खर्ची से नौकरी देना कांग्रेस का कल्चर है। अशोक तंवर ने कहा कि एक तरफ भाजपा है जिसने हमेशा दलित समाज का सम्मान किया। गरीब कल्याण के लिए योजनाएं बनाकर काम किया। दूसरी तरफ कांग्रेस है जो दलितों का वोट लेना चाहती है और दलितों पर ही आपत्ति जनक टिप्पणियां करती है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने जो मेरे साथ किया वह अब कुमारी सैलजा के साथ कर रही हैं। श्री तंवर ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि कमल के बटन पर वोट देकर राजेश नागर को बड़े मार्जिन से जिताकर विधानसभा में भेजें।

**रैली में ये नेता रहे मौजूद**

विधायक नरेन्द्र गुप्ता, सीमा त्रिखा, भाजपा वरिष्ठ नेता अशोक तंवर, जिला अध्यक्ष राज कुमार वोहरा, रूप सिंह नागर, सुधीर नागर, जिला प्रभारी जिला चुनाव सह प्रभारी विनोद कटियार, जिला महामंत्री सुरेन्द्र जांगड़ा, मनोज वशिष्ठ, विधानसभा संयोजक अमित भरद्वाज, लोकसभा निगरानी समिति के अध्यक्ष ओमप्रकाश रैक्सवाल, जिला उपाध्यक्ष अनिल नागर, भारती भाकुनी, जिला सचिव लाल मिश्रा, पार्षद रवि भडाना, रवि भडाना, अजय बैसला, मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र यादव, विवेक मिश्रा, गिरिराज त्यागी, राकेश शर्मा, महिला मोर्चा अध्यक्षा राज बाला सरदाना, विनोद गुप्ता आशा रानी, मंडल और मोर्चों के पदाधिकारी, भाजपा कार्यकर्ता, कॉलोनी और गांवों के मौजिज लोग आदि उपस्थित रहे ।

# राजेश नागर को जिता दो, बाकी मुझ पर छोड़ दोः मुख्यमंत्री



**तिगांव विधानसभा से भाजपा उम्मीदवार राजेश नागर के समर्थन में कार्यवाहक मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने इस्माइलपुर में की जनसभा**

**वापिस आने वाले हर अग्निवीर को हरियाणा सरकार नौकरी देगी: सैनी**

समाचार गेट/संजय शर्मा

फरीदाबाद। भाजपा के तिगांव विधानसभा क्षेत्र से प्रत्याशी एवं निवर्तमान विधायक राजेश नागर के समर्थन में आज इस्माइलपुर में बड़ी जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि मैंने मुख्यमंत्री बनने के 56 दिन में 126 ऐतिहासिक निर्णय लिए। आगे भी हमारी सरकार आने पर आपकी सेवा में कोई कसर बाकी नहीं छोड़ेंगे।

सैनी ने कहा कि आपके विधायक राजेश नागर आपकी बहुत सेवा करते हैं और विकास ही उनका ध्येय रहता है। आप लोग राजेश नागर को जिता दो, बाकी मुझ पर छोड़ दो। सैनी ने कहा कि हमारी सरकार ने 500 रुपये में रसोई गैस सिलेंडर देने का काम किया है। आज 500 रुपये से ऊपर की राशि आपके खाते में वापिस आ जाती है। इसके साथ ही हर घर को रोशन करने के लिए दो किलोवाट तक निशुल्क सोलर पैनल लगाने का काम हमारी सरकार करेगी। आपके बिजली का बिल शून्य हो जाएगा। हमने निर्णय कर न्यूनतम बिजली बिल की शर्त को खत्म कर कुल खर्च बिजली का ही बिल भेजने का निर्णय लिया है।

नायब सैनी ने कहा कि हरियाणा के सभी सरकारी अस्पतालों में डायलसिस और डायग्नोसिस पूरी तरह से निशुल्क होगा। इसके लिए किसी को किसी प्रकार की सिफारिश के लिए नहीं भटकना पड़ेगा। इसके साथ ही हम अगले कार्यकाल में शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में जरूरतमंदों के लिए पांच लाख नए मकान बनाए जाएंगे। इसके अलावा हर जिले में ओलंपिक खेल नर्सरी भी बनाएंगे जिससे हमारे खिलाड़ी और अधिक संख्या में अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में नाम कमा सकेंगे। नायब सैनी ने कहा कि हमारा संकल्प है कि आठ अक्टूबर के बाद देश में कहीं भी इंजीनियरिंग, मेडिकल पढ़ाई करने वाले हमारे सभी एससी एसटी ओबीसी वर्ग के बच्चों की पढ़ाई के लिए सौ प्रतिशत छात्रवृत्ति देंगे। जिससे उन्हें जीवन सुधार के लिए नए अवसर प्राप्त हो सकेंगे।

इस अवसर पर विधायक प्रत्याशी राजेश नागर ने कहा कि हमारी सरकार ने जनसेवा में कोई कसर बाकी नहीं छोड़ी है। फिर भी हम जनता का जीवन बेहतर करने के लिए हर पल काम करते रहेंगे। हमारी केंद्र एवं राज्य की भाजपा सरकारें मिलकर जनता की सेवा करने में जुटी हैं। हमने भ्रष्टाचार पर नियंत्रण करने के लिए बड़े से बड़े अधिकारी और प्रतिनिधि पर कार्रवाई करने में हिचक नहीं की। मैंने आपकी सेवा हमेशा की है और आगे भी करता रहूंगा। आपसे प्रार्थना है कि आप तीसरी बार हरियाणा में डबल इंजन सरकार बनाने के लिए पांच सितंबर को कमल के निशान वाला बटन दबाएं। इस अवसर पर निवर्तमान मंत्री सीमा त्रिखा, निवर्तमान विधायक नरेंद्र गुप्ता, वरिष्ठ भाजपा नेता अशोक तंवर, भाजपा जिलाध्यक्ष राजकुमार वोहरा, हेमन्त शर्मा, शिशु अवाना, योगिता धीर, राजबाला सरधाना, रूप सिंह नागर, अमित भारद्वाज, लोकेश बैंसला, लाल मिश्रा, सुरेन्द्र बिधूड़ी, रवि भड़ाना पार्षद, रविकांत भडाना पार्षद, सीएल जैन, मदन पुजारा, पवन अग्रवाल, अवनेश शर्मा, विनोद कटियार, विनोद गुप्ता, ओमप्रकाश रैक्शवाल, सुमन चंदेल, प्रहलाद शर्मा, भारती भाकुनी, अजय बैंसला, अनिल नागर, राजेश तंवर, संजीव सरपंच, आईएमटी के अध्यक्ष वीरभान शर्मा, कृष्ण कौशिक, एमएल शर्मा, उत्कर्ष गर्ग, सुधीर नागर, विक्की भडाना, मंडल अध्यक्ष सराय विरेंद्र यादव, मंडल अध्यक्ष खेडी राकेश शर्मा, मंडल अध्यक्ष तिगांव गिर्राज त्यागी, आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# विजय प्रताप के समर्थन में आए हजारों लोगों के बीच भूपेन्द्र हुड्डा ने थपथपाई पीठ

**विजय प्रताप के समर्थन में भाजपा के दिग्गज नेता श्याम सुन्दर कपूर अपने समर्थकों के साथ कांग्रेस में शामिल**

समाचार गेट/संजय शर्मा

**फरीदाबाद।** पूर्व मुख्यमंत्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा ने एनआईटी एक में कांग्रेस प्रत्याशी विजय प्रताप सिंह को भारी मतों से जिताने के लिए हजारों लोगों के बीच हुंकार भरी। विजय प्रताप सिंह के समर्थन में भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं सांसद का चुनाव लड़ चुके श्याम सुन्दर कपूर अपने समर्थकों के साथ भाजपा छोड़कर कांग्रेस में शामिल हो गए। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा ने कहा कि कांग्रेस में श्याम सुन्दर कपूर को पूरा मान सम्मान दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि वर्ष 2005 से वर्ष 2014 के बीच में फरीदाबाद में जो काम हुए थे, वे सभी कांग्रेस सरकार ने कराएं। फरीदाबाद में सबसे बड़ा मेडिकल कॉलेज, आइएमटी, बदरपुर



एलिवेटिड फ्लाईओवर, बाइपास रोड ये काम जनता को भूलने नहीं चाहिए। यदि फरीदाबाद को गुरुग्राम और नोएडा जैसा बनाना है, तो इस बार कांग्रेस की सरकार लानी होगी। भूपेंद्र सिंह हुड्डा मंगलवार शाम को बडखल विधानसभा क्षेत्र के प्रत्याशी विजय प्रताप के समर्थन चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे। उनके साथ कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष जितेन्द्र भारद्वाज भी मौजूद रहे। उन्होंने जनता से पूछा कि कांग्रेस की सरकार कैसे बनेगी, तो जनता ने एक स्वर में गुंजायमान किया कि हम विजय प्रताप को जीताकर चंडीगढ़ भेजेंगे, हम कांग्रेस की सरकार बनाएंगे। श्याम सुंदर कपूर ने कहा कि भाजपा पंजाबी बिरादरी पर एक ऐसा बाहरी कैंडीडेट थोप रही है, जो जनता की बात नहीं करता, जिस पर नगर निगम प्रशासन का 1200 करोड़ रुपये हड़पने का आरोप है। जिस पर फार्मेसी काउंसिल में करोड़ों रुपये के गबन का आरोप है। ऐसे भ्रष्टाचारियों को बडखल विधानसभा में प्रत्याशी बनाकर भाजपा ने सभी पंजाबियों का अपमान किया है। श्याम सुंदर कपूर ने क्षेत्र की जनता से विजय प्रताप को जिताने की अपील की है। हुड्डा यही नहीं रुके उन्होंने कहा कि विजय प्रताप सिंह की जीत होने के बाद, कांग्रेस सरकार आ ही रही है। थोड़ा धैर्य रखें विजय प्रताप सिंह ने जो मांगें रखी हैं जैसे फरीदाबाद मैट्रो बल्लभगढ़ तक गई, ईएसआईसी मेडिकल कॉलेज, हजारों करोड़ के विकास कार्य फरीदाबाद में करवाए और अब बर्बाद बड़खल विधासभा को संवारने के लिए इमानदार, कर्मठ, नेता विजय प्रताप को भारी मतों से विजयी बनाएं।

# कुमारी सैलजा का त्यागपूर्ण जीवन हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत हैः मनोज अग्रवाल

समाचार गेट/सुमित गोयल

**बल्लभगढ़।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, कांग्रेस कार्यसमिति की सदस्य, हरियाणा कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष व पूर्व केंद्रीय मंत्री कुमारी सैलजा के जन्मदिन पर मंगलवार को बल्लभगढ़ के सभी कांग्रेस जनों ने वरिष्ठ कांग्रेस नेता मनोज अग्रवाल व महिला कांग्रेस की महासचिव प्रियंका अग्रवाल के नेतृत्व में बल्लभगढ़ के वाल्मीकि मोहल्ले में स्थित प्राथमिक पाठशाला में छात्र छात्राओं को स्कूली बैग भेंट कर अपनी नेता का जन्मदिन मनाया। इस दौरान कांग्रेसजनों ने राहगीरों के बीच लड्डू वितरित कर आम जनता के साथ मिलकर कुमारी सैलजा के दीर्घायु होने कीकामना की।



इस दौरान उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए मनोज अग्रवाल ने कहा कि कुमारी सैलजा ने अपने अथक मेहनत और कुशल नेतृत्व से पूरे हरियाणा प्रदेश में कांग्रेस पार्टी को एक अदम्य मजबूती प्रदान करने का काम किया है। हरियाणा को आज कुमारी सैलजा के दूरदर्शी व ऊर्जामयी नेतृत्व की बेहद जरूरत है क्योंकि सत्ता में बैठी हुई भाजपा-जजपा सरकार ने अपनी जनविरोधी नीतियों से हरियाणा के भविष्य को गर्त में डालने का काम किया है। लेकिन सरकार के इन्हीं कुनीतियों और कुत्सित मानसिकता के खिलाफ कुमारी सैलजा एक निर्णायक लड़ाई लड़ रही हैं और इस लड़ाई में पूरा प्रदेश उनके साथ है। उन्होंने बताया आज उनके जन्मदिन पर सभी कांग्रेसजन मानवसेवा और समाज कल्याण को माध्यम बनाते हुए एक समृद्ध हरियाणा के नवनिर्माण का संकल्प लिया है। बल्लभगढ़ के सभी कांग्रेसजनों ने कुमारी सैलजा की कल्याणकारी सोच से प्रेरणा लेते हुए ही अभावग्रस्त विद्यार्थियों को स्कूली बैग बांटी है। ताकी इन बच्चों को शिक्षा ग्रहण करने के लिए साधन के अभाव से न गुजरना पड़े। कुमारी सैलजा ने हमेशा से समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने का काम किया है। आज हम सभी कांग्रेस के सिपाही कुमारी सैलजा के नेतृत्व में कांग्रेस की सरकार बनाने और इस दमनकारी भाजपा-जजपा सरकार को उखाड़ फेंकने का प्रण लेते हैं। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से कांग्रेस सेवादल के प्रदेश उपाध्यक्ष संजय त्यागी, महिला कांग्रेस की प्रदेश महासचिव सोनू चौधरी, सेवादल सचिव नसीमा खान, महिला कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष अनिता शर्मा, युवा कांग्रेस लोकसभा अध्यक्ष (रिसर्च विभाग) शुभम कसाना, अशोक रावल, बाबूलाल रवि, वरिष्ठ कांग्रेस नेता प्रताप शर्मा, आजाद सैनी, योगेश बंसल, शलभ गर्ग, पारस जैन सहित अन्य कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

# कांग्रेस दलित विरोधी पार्टी, दलितों का हमेशा किया शोषण : अशोक तंवर

**भाजपा के राज में आरक्षण को कोई हाथ नहीं लगा सकता: अशोक तंवर**

**कांग्रेस में तो अपने दलित नेताओं का सम्मान नहीं, दलित जनता का क्या सम्मान करेगी: अशोक तंवर**

समाचार गेट/ब्यूरो

**फरीदाबाद।** भाजपा के वरिष्ठ नेता अशोका तंवर ने प्रेस वार्ता कर कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस दलित विरोधी पार्टी है और हमेशा से दलितों का शोषण करने का काम किया है । कांग्रेस पार्टी और उनके नेताओं ने दलित को हमेशा केवल अपना वोट बैंक समझा और झूठे वादे कर उनसे वोट लेने का काम किया । कांग्रेस के नेता हमेशा अपने दलित नेताओं को बदनाम करते हैं और उनके हिस्से की सीटें छिनने का काम करते हैं । कांग्रेस में अपने दलित नेताओं का सम्मान नहीं, कांग्रेस दलित जनता का खाख सम्मान करेगी । कांग्रेस के कुछ बड़े नेताओं ने तो अपनी पार्टी की बड़ी नेत्री को भी नहीं बक्शा, अपनी दलित महिला नेत्री को सरेआम बदनाम करने का काम किया । भारतीय जनता पार्टी ही एक मात्र ऐसी पार्टी है जो दलितों का सम्मान भी करती है और कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से दलितों और पिछड़ों को सशक्त करने का काम भी करती है । प्रेस वार्ता में जिला अध्यक्ष राजकुमार वोहरा, अनुसूचित मोर्चा के जिला अध्यक्ष गौरव चौहान, जिला मीडिया प्रभारी विनोद गुप्ता, मीडिया सह प्रभारी राज मदान आदि उपस्थित रहे । श्री तंवर ने कहा कि कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव में झूठ का प्रचार किया कि भाजपा को अगर 400 सीट मिल गई तो आरक्षण ख़त्म कर देंगे, संविधान बदल देंगे, ऐसा झूठा प्रचार करके कुछ सीट लेने का काम किया, लेकिन अब कांग्रेस का असली चेहरा जनता की समझ में आ गया है । अभी पिछले दिनों राहुल जी अमेरिका गए हुए थे, उन्होंने कहा कि कांग्रेस आएगी तो आरक्षण खत्म कर देगी । आरक्षण खत्म करने, और




फोटोः ओमप्रकाश पांचाल।

संविधान को बदलने की यह कसम जो है, कांग्रेस के लोगों ने खाई है । आजादी के समय से ही और नेहरू जी के समय से ही कांग्रेस दलित विरोधी रही है और कांग्रेस ने कभी भी दलितों का उत्थान करने का नहीं सोचा । दलितों को लेकर कांग्रेस ने हमेशा झूठ बोला । कांग्रेस एक षड्यंत्रकारी पार्टी है और हमेशा दलितों पिछड़ों के खिलाफ षड्यंत्र करती है, जनता इन पर कभी भी एतबार नहीं कर सकती । श्री अशोक तंवर ने दावा किया कि मोदी जी के राज में आरक्षण को कोई हाथ नहीं लगा सकता ।

श्री तंवर ने कहा कि यह जो संविधान खतरे में है, आरक्षण खतरे में है, देश खतरे में है, यह मैं आज से नहीं सुन रहा, जब अटल जी की पहली बार सरकार बनी थी जब भी कांग्रेस ने यही दुष्प्रचार किया था। जब भी देश में भाजपा की सरकार बनती है कांग्रेस झूठ का नेरेटिव फ़ैलाने का काम करती है । देश की जनता इनकी सच्चाई जान चुकी है । कांग्रेस अपने आप को बचाने के लिए, अपने नेतृत्व को बचाने के लिए, दोबारा सत्ता हासिल करने के लिए इस तरह के जुमले छोड़ती रहती है । प्रदेश की जनता कांग्रेस के झूठ में आने वाली नहीं । जनता को अपने भविष्य के प्रति हमें सचेत होकर वोट करना है, वोट की ताकत सबसे बड़ी है। बाबा साहब ने संविधान के माध्यम से हमें वोट करने का यह अधिकार दिया है । अपने वोट की ताकत से सही फैसला लेकर हरियाणा के लोग वोट करेंगे और भाजपा की सरकार तीसरी बार चुनकर एक बार फिर साबित करेंगे कि देश मोदी जी के नेतृत्व में विकसित भारत बनेगा । 2047 तक भारत को विकसित भारत बनाने का जो लक्ष्य है उसे मोदी जी पूरा करेंगे और अगले 5 वर्षों में भारत को दुनिया की तीसरी अर्थव्यवस्था बनायेंगे । भारतीय जनता पार्टी नई ऊर्जा के साथ, नए संकल्प के साथ प्रदेश में चुनावी मैदान में है और भाजपा को जनता का भरपूर आशीर्वाद और समर्थन हर जगह मिल रहा है । हमारे प्रदेश के 2 करोड़ 80 लाख जो हरियाणा वासी है उनका भविष्य उज्जवल हो, भाजपा की यही एक लक्ष्य है । आज प्रदेश की जनता पूरी मजबूती के साथ भारतीय जनता पार्टी के साथ खडी है और तीसरी बार प्रदेश में भाजपा की सरकार बने, यह सुनिश्चित कर चुकी है। श्री तंवर ने कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि अपने घोषणा पत्र में कांग्रेस सिर्फ वादों का झूठ परोसती है, वोट लेती है और बाद में भूल जाती है जबकि भाजपा अपने सारे संकल्पों को पूरा करती है । भाजपा ने 2014 में 287 वायदे पूरे किए, 2019 में फिर से 250 से ऊपर संकल्पों को पूरा कर जनता और प्रदेश का विकास किया । कांग्रेस के नेता तो सरेआम बोल चुके हैं की हम पहले अपना घर भरेंगे, अपनों को नौकरी देंगे फिर रिश्तेदारों का घर भरेंगे । देश के योग्य युवाओं की नौकरी छीनकर अपने रिश्तेदारों को देंगे

# इनेलो बसपा गठबंधन प्रत्याशी ताहिर हुसैन को मिल रहा है लोगों प्यार, युवाओं में भारी जोश



(अनिल मोहनियां नूंह)
नूंह विधानसभा में इनेलो बसपा प्रत्याशी का दिन प्रतिदिन जनाधार बढ़ता ही जा रहा है। लोगों में खासतौर युवाओं में इतना जोश व उत्साह पहली बार देखने को मिल रहा है। मंगलवार को चौधरी ताहिर हुसैन ने गांव राऊका आदि गाँवों में जनसभाओं को संबोधित किया। सभी गांवों में ताहिर हुसैन के प्रति भारी जोश व उत्साह देखने को मिला। चौधरी ताहिर हुसैन को ग्रामवासी हर जगह लंबे काफिले के साथ गाजे बाजे के साथ समर्थन समारोह तक लेकर पहुंच रहे हैं। चौधरी ताहिर हुसैन ने ग्राम वासियों के इस शानदार स्वागत व बेपनाह मोहब्बतों व जनसमर्थन के लिए शुक्रिया व आभार जताया। उन्होंने कहा कि हर जगह लोगों का इतना प्यार व समर्थन मिल रहा है कि हर कार्यक्रम में देरी से पहुंच रहे हैं। लोग बेसब्री से स्वागत के लिए इंतजार कर रहे हैं। आप लोगों के जोश ने विपक्षियों की नींद उड़ा दी है। मुझे व मेरे परिवार को आप लोगों ने मरहूम चौधरी मोह्व यासीन खाँ व मरहूम चौधरी तय्यब हुसैन अपार प्यार व जनसमर्थन दिया है। इंशा अल्लाह चुनाव तो आप रिकार्ड मतों से जीत रहे हैं, पर ये जोश हमें आगामी 5 अक्तूबर तक बरकरार रखना है। ताहिर हुसैन ने कहा कि ये आप लोगों का चुनाव है। युवाओं के उज्जवल भविष्य का चुनाव है। आज शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं को दुरूस्त करने का चुनाव है। हर नौजवान साथी इन समस्याओं से जूझ रहा है। उन्होंने कहा कि मेरा हर कार्यकर्ता अपने आप में ताहिर हुसैन है। कोई भी साथी अपने आप को अकेला महसूस ना करे। ताहिर हुसैन हर समय नूंह विधानसभा की जनता जनार्दन के साथ है। मरहूम चौधरी तय्यब हुसैन के दिखाए हुए रास्ते पर चलकर हम 36 बिरादरी के मान-सम्मान की लड़ाई लड़ेंगे। उन्होंने कहा कि मेरे किसी भी कार्यकर्ता को मायूस होने की जरूरत नहीं है। मैं हमेशा आप लोगों की परछाई बनकर आप लोगों के साथ खड़ा हूँ। आप लोगों का सुख-दुख मेरा सुख-दुख है। आप लोगों का जहाँ पसीना बहेगा, वहाँ पर आपका यह भाई और बेटा खून बहाने से भी पीछे नहीं हटेगा। उन्होंने कहा कि इस अपार जनसमर्थन, दुआओं व असीम प्रेम का हमेशा मेवात की 36 बिरादरी का कर्जदार रहूँगा। उन्होंने कहा कि ईशा अल्लाह सही वक्त आने पर आप लोगों द्वारा बहाए गए पसीने की एक-एक बूंद का कर्ज चुकाऊँगा। ताहिर हुसैन ने कहा कि प्रदेश में इनेलो-बसपा गठबंधन की सरकार बनने जा रही है। इनेलो सुप्रीमों चौधरी ओमप्रकाश चौटाला व चौधरी अभय सिंह चौटाला को मेवात क्षेत्र की हमेशा फिक्र रहती है। स्वः चौधरी देवीलाल परिवार का मेवात क्षेत्र से विशेष लगाव है।

# विधायक जगदीश नायर ने की पत्रकारों के साथ की प्रेस वार्ता, संपल्क पत्र जारी किया

(अनिल मोहनियां नूंह)
शहर फिरोजपुर झिरका के अग्रसेन मंदिर के प्रांगण में भाजपा के वरिष्ठ कार्यकताओं की अहम मीटिंग आयोजित की गई, जिसमें होडल विधानसभा के विधायक जगदीश नायर व भरतपुर राजस्थान से पूर्व सांसद रामस्वरूप कोहली, भाजपा जिलाध्यक्ष नरेंद्र पटेल, विधानसभा संयोजक जतिन बुसरी, मंडल अध्यक्ष रमेश आर्य व सैंकड़ों पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

होडल विधायक जगदीश नायर ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कहा कि इस मीटिंग का मुख्य उद्देश्य भाजपा सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों को जन-जन तक पहुंचाना है। आज भाजपा पार्टी की तरफ से संकल्प पत्र जारी किया गया है। खासकर पिछली लोकसभा चुनाव में एससी समाज के लोगों को गलत तरीके से भ्रमित करने का काम किया था और कांग्रेस पार्टी ने जिसका गलत तरीके से प्रचार प्रसार किया और कांग्रेस सरकार इस मंसुबे में कामयाब भी हो गई थी। जिसकी वजह से एससी समाज के लोग भाजपा से नाराज हो गये थे, नाराज एससी समाज का कुछ वोट बैंक कांग्रेस की तरफ चला गया था। जगदीश नय्यर ने कहा कि एससी समाज के लोगों को यह कहा गया कि भाजपा सरकार पूर्ण बहुमत से आई तो देश का संविधान बदल देगी।

विधायक जगदीश नायर ने एससी समाज से अपील करते हुए कहा कि भाजपा सरकार बाबा साहब



डॉ भीमराव अम्बेडकर द्वारा बनाया गया संविधान में किसी भी तरह की कोई छेड़छाड़ नहीं कर सकती, एससी समाज के लोगों को डरने की जरूरत नहीं है। यह केवल कांग्रेस पार्टी के द्वारा फैलाया गया एक षड्यंत्र व दुष्प्रचार करने के तरह-तरह के हथकंडे अपना रही है।

नय्यर ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने देश में 70 साल राज किया है लेकिन आज भी गरीबों की हालत नहीं बदल पाई है। कांग्रेस सरकार ने गरीबों के लिए कोई भी जनकल्याणकारी योजना नहीं बनाई, जिससे गरीब का उत्थान हो सकता। कांग्रेस के शासनकाल में गरीबों की हालत और बदहाल हो गई। गरीब और गरीब हो गया।

आज भाजपा सरकार ने गरीब के लिए पक्का मकान बनाने के लिए तीन लाख चौरासी हजार रू की राशी तय की है। श्रम लोन देकर रेहड़ी पटरी रिक्शा, झोंपड पट्टी वाले गरीब लोगों को ऊंचा उठाने के लिए राशी दी गई। तीसरा गरीब परिवार के लिए 10 लाख रू तक का मुफ्त इलाज कराने की भी योजना, विवाह शगुन योजना के तहत गरीब बेटियों की शादी में 71 हजार रुपए देने, गरीबों के लिए मुफ्त 100 गज की मुफ्त प्लाट देने, रजिस्ट्री कराने और उन पर कब्जा दिलाने का काम भी भाजपा सरकार ने ही किया है। भारतीय जनता पार्टी जो कहती वो करती है। गरीब उठेगा, देश आगे बढ़ेगा। गरीबों को आगे बढ़ाने के लिए भाजपा सरकार का बड़ा योगदान रहा है। नय्यर साहब ने आगे बताया की आज के समय भाजपा सरकार 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन देने का काम किया है। आज गरीब का बेटा बिना खर्ची-पर्ची के नौकरियां देने का काम भी भाजपा सरकार ने किया है। भारतीय जनता पार्टी अंतिम छोर पर बैठे लोगों को ऊपर उठाने का काम कर रही है। कांग्रेस की सोच हमेशा अमीरों के लिए रही है। आज हमारा मिशन है गरीब लोगों को जागरूक करना है। आज भाजपा सरकार ने अपना संकल्प पत्र जारी किया है जिसमें कहा गया है कि हरियाणा में भाजपा सरकार बनने पर महिलाओं के लिए लाड़ो लक्ष्मी सम्मान के रूप में घर बैठे 21 सौ रू प्रति माह देने का काम करेगी। गैस सिलेंडर 5 सौ में देंगे। यह बीस संकल्प पत्र हमारी पार्टी ने लिये है। भाजपा मेवात जिला अध्यक्ष नरेंद्र पटेल ने कहा है कि चुनाव के समय समय मीटिंग आयोजित होती रहती है। जगदीश नय्यर एससी समाज के नेता हैं। कांग्रेस सरकार एससी समाज के साथ हमेशा गलत व्यवहार करती रही है। भारतीय जनता पार्टी एक इकलौती ऐसी पार्टी है जो संविधान कि भी रक्षा करती है। जिस दिन माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शपथ ली थी उस समय संविधान को शीश नवाकर व नमन किया है।जो नमन करता है वो संविधान की हिफाजत करता है। आज अमेरिका में जाकर राहुल गांधी गरीबों के आरक्षण खत्म करने की बात कर रहा है, शैलजी बहन को भी कांग्रेस पार्टी में प्रताड़ित व अपमान किया जा रहा है, उनके कहने से सीटें भी वितरित नहीं की जा रही है।

इसका भी जिलाध्यक्ष आरोप लगा रहा है। जो बहुत ही शर्म की बात है। जो साफ दर्शाता है उसकी कथनी और करनी में अंतर है। कांग्रेस ने भाई को भाई से लड़ाने का काम किया है और भाजपा सरकार हमेशा 36 बिरादरी को साथ लेकर चलने वाली पार्टी है। इस मौके पर गंगाराम डागर एसीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष, जिला उपाध्यक्ष राजकुमार गर्ग, रमेश आर्य मंडल अध्यक्ष, नपा चेयरमैन मनीष जैन, जिला महामंत्री शिवचरण आर्य बंटी, मंडल अध्यक्ष दोहा यादराम सैनी, प्रदेश सचिव महिला मोर्चा अंजुबाला सरपंच,निगरानी कमेटी चेयरमैन नरदेव आर्य सहित काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# किसानों के लिए एक दिवसीय सम्मेलन का आयोजन

**बोहड़ाकला / पटौदी :** भारत के निर्माण में किसानों की महत्वपूर्ण भूमिका है। उक्त विचार दिल्ली सरकार के ओबीसी आयोग के अध्यक्ष जगदीश यादव ने व्यक्त किए। यह बात उन्होंने गुरुग्राम स्थित ब्रह्माकुमारीज के ओम शांति रिट्रीट सेंटर में किसानों के लिए आयोजित कार्यक्रम में कही। दादी प्रकाशमणी सभागार में आत्मनिर्भर किसान स्वर्णिम भारत की शान विषय पर उन्होंने कहा कि किसानों के कारण ही हमारा देश आत्मनिर्भर बन सकता है। ब्रह्माकुमारीज किसानों के सशक्तिकरण के लिए सराहनीय कार्य कर रही है। ये एक ऐसी संस्था है जो पूरे विश्व में शांति की पुनर्स्थापना के लिए समर्पित है। उन्होंने कहा कि कर्म से ही व्यक्ति महान बनता है। ओम शांति रिट्रीट सेंटर की निदेशिका राजयोगिनी आशा दीदी ने कहा कि भारत कृषि प्रधान देश है। किसान हमारे देश का गौरव हैं। अध्यात्म इसकी सबसे बड़ी शक्ति है। हमारे मन के शक्तिशाली संकल्प प्रकृति को भी शक्ति प्रदान करते हैं। इसलिए आज कृषि क्षेत्र में यौगिक खेती का महत्व बढ़ रहा है।कृषि एवं ग्राम विकास प्रभाग की अध्यक्षा राजयोगिनी बीके सरला दीदी ने कहा कि भारतीय संस्कृति सबसे महान है। कृषि को सबसे उत्तम कहा जाता है। लेकिन आज कृषकों की दयनीय स्थिति हो गई। औद्योगीकरण की दौड़ में हमने किसानों को भुला दिया। जो किसान पहले आत्मनिर्भर था, वो किसान आज आत्महत्या कर रहा है। इसलिए आवश्यकता है किसानों के सशक्तिकरण की। ब्रह्माकुमारीज का मूल उद्देश्य आध्यात्मिकता के द्वारा किसानों को चरित्रवान बनाना है। साथ ही यौगिक खेती के माध्यम से उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है।बीके राजेंद्र ने कहा कि अत्यधिक रसायनों के प्रयोग से खेती की उर्वरक शक्ति बहुत कम हो गई है। कृत्रिम खादों के उपयोग से अनेक प्रकार की बीमारियां भी बढ़ रही हैं। इसलिए आज आवश्यकता है, जैविक एवं यौगिक खेती की। ब्रह्माकुमारीज संस्था किसानों को यौगिक खेती करने का विशेष प्रशिक्षण दे रही है। राजयोगिनी राजकुमारी दीदी ने अपना स्वागत वक्तव्य दिया। बीके सुनीता ने राजयोग के अभ्यास से शांति की गहन अनुभूति कराई। कार्यक्रम में गुरुग्राम, कृषि विभाग के उप निदेशक अनिल कुमार, सुप्रीम कोर्ट की लॉ ऑफिसर दीपिका देशवाल, अशोक फाउंडेशन से अमित टुटेजा एवं बीके सतबीर ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम में कलाकारों ने धरती मां की पुकार विषय पर एक सुंदर नाटिका प्रस्तुत की। कार्यक्रम की शुरूआत में मंचासीन वक्ताओं का तिलक, बैज एवं पगड़ी पहनाकर स्वागत किया गया। बीके प्रमिला और बीके विधात्री ने मंच संचालन किया।

# नगीना खंड के बलई गांव में उमड़ा जनसैलाब, मामन खान को दिया समर्थन



(अनिल मोहनियां नूंह)
फिरोजपुर झिरका से कांग्रेस के प्रत्याशी मामन खान इंजीनियर ने नगीना खंड के बलई गांव में एक जनसभा में लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि हरियाणा में कांग्रेस की सरकार पूर्ण बहुमत के साथ बनने जा रही है और कांग्रेस की सरकार बनते ही मेवात से ही नहीं बल्कि पूरे हरियाणा से गुंडागर्दी करने वाले गुंडों को हरियाणा से बाहर करने का काम किया जाएगा। इससे पहले गांव बलई में पहुंचने पर कांग्रेस के प्रत्याशी मामन खान इंजीनियर का ग्रामीणों द्वारा फूल मालाओं से भव्य स्वागत कर समर्थन दिया गया और लोगों ने कहा कि इस बार मामन खान इंजीनियर को फिरोजपुर झिरका विधानसभा से एक लाख वोटो से चुनाव जीताकर विधानसभा में भेजा जाएगा।
इस दौरान पत्रकारों से बातचीत करते हुए मामन खान इंजीनियर ने कहा कि कुछ लोगों द्वारा उनके बयान को तोड़ मरोड़ कर पेश किया जा रहा है और चलाया जा रहा है। लेकिन उन्होंने दो दिन पहले यही कहा था कि कुछ लोगों ने नूंह हिंसा में बेगुनाह और ऐसे लोगों झूठा मुकदमा दर्ज करा कर उनको जेल में भिजवाने का काम किया था, जो यहां पर है ही नहीं थे, बल्कि सऊदी अरब जैसी पाक जगह पर उमराह और हज करने के लिए गए हुए थे। मामन खान ने कहा कि ऐसे लोगों ने मेवात के मासूम लोगों के साथ खूब खेलने का काम किया था और उनके साथ ऐसे मुकदमे दर्ज कराए जिनकी आज वो निर्दोष होते हुए भी सजा भुगत रहे हैं। लेकिन उन्हें न्यायपालिका पर पूरा भरोसा है और आने वाले समय में जब प्रदेश के अंदर कांग्रेस की सरकार बनेगी तो प्रदेश से गुंडागर्दी करने वालों का सफाया किया जाएगा। मामन खान ने कहा कि उनकी बढ़ती लोकप्रियता और हरियाणा में आ रही कांग्रेस की सरकार को देखते हुए भाजपा और इनेलो के नेता पूरी तरह बौखला गए हैं जिससे उनकी बौखलाहट लगातार सामने आ रही है और उन लोगों ने हार मान ली है। जिससे अब वो ओछी बयान बाजी पर उतर आए हैं और उनके खिलाफ दुष्प्रचार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मेवात हमेशा से हिंदू मुस्लिम भाईचारे की एक मिसाल रहा है और मेवात में हिंदू ,मुस्लिम ,सिख और इसाई सभी मिलजुल कर रहते हैं। लेकिन कुछ लोगों को यह भाईचारा हजम नहीं हो रहा है। मामन खान ने कहा कि उनके जन समर्थन कार्यक्रम में लगातार जनता का जन सैलाब उमड़ रहा है और उन्हें उम्मीद ही नहीं बल्कि पूरा भरोसा है कि इस बार हरियाणा में सबसे ज्यादा वोटो से वो चुनाव जीतने का काम करेंगे। मामन खान इंजीनियर ने कहा कि जनता ने 5 साल पहले उन्हें फिरोजपुर झिरका से विधायक बनाकर विधानसभा में भेजा था और वह लगातार जनता के सुख-दुख में जहां शामिल रहे, वही उन्होंने क्षेत्र की जनता के लिए विकास के कार्य भी किये ,लेकिन विपक्षियों को उनके द्वारा किए गए विकास कार्य हजम नहीं हुए।

# पूर्व सांसद राजबब्बर ने मांगे वोट, कहा आफताब को रिकॉर्ड तोड वोटों से जिताएं

## आफताब को पल्ला, पलड़ी, सुडाका, रिठोड़ा, बड़का आदि में जनसमर्थन

(अनिल मोहनियां नूंह)
नूंह से कांग्रेस प्रत्याशी चौधरी आफताब अहमद को मंगलवार को फिर जन समर्थन कार्यक्रमों का सिलसिला जारी रहा। विधानसभा के पल्ला, पलड़ी, सुडाका, रिठोड़ा, बड़का आदि में जोरदार जनसमर्थन मिला। कांग्रेस स्टार प्रचारक पूर्व ससिंद और गुडगांव से सांसद उम्मीद्वार रहे राजनेता राज बब्बर ने सुड़ाका गांव में कांग्रेस प्रत्याशी आफताब अहमद के समर्थन में वोट की अपील करते हुए कहा कि ताकि कांग्रेस की हुड्डा सरकार में वो नूंह का संपूर्ण विकास करा सकें। उन्होंने कहा कि मेवात के लोगों ने उन्हें आफताब अहमद के कहने से वोट दी थी उसका वो शुक्रिया अदा करते हैं और अपील करते हैं कि इलाके की बेहतरी के लिए आफताब अहमद को जिताने का काम करें। उन्होंने कहा कि लोकसभा में अगर कोई कमी रह भी गई थी तो उसकी भरपाई आफताब अहमद को रिकार्ड तोड वोट देकर पूरी करें। वहीं कांग्रेस प्रत्याशी आफताब अहमद ने कहा कि जो जनसमर्थन उन्हें मिल रहा है वो ऐतिहासिक है, नूंह की जनता का जितना आभार व्यक्त किया जाए वो कम है। उन्होंने लोगों को बीजेपी और इनेलो के किसी भी शाजिश से सजग रहने के लिए कहा है। पीसीसी सदस्य महताब अहमद ने कहा कि सभी को ग्राम स्तर की पाटीर्बाजी से ऊपर उठकर इलाके के हित के



लिए कांग्रेस को वोट देना है। इनेलो को दिया गया एक वोट भी बीजेपी के खाते में जायगा क्योंकि इनेलो बीजेपी साजिश के तहत मिलकर चुनाव लड़ रहे हैं। वहीं पल्ला गांव में कांग्रेस प्रत्याशी आफताब अहमद को जबरदस्त समर्थन मिला जहां जुबैर एक्स सरपंच, हाजी वहीदा, हाजी कासम, हाजी भूरा, सफेदा, कमल खाँ, जुम्मे खाँ, हनीफ,सलीम, युसुफ, मुबारिक, मुब्बा, हाजी यूनुस, इलयाश, सुब्बा, महबूब, सरफराज, हारून,धर्मबीर, हाजी मुस्ताक,तारीफ सहित सैंकड़ों लोगों ने समर्थन दिया। उधर संगेल गांव में भी कांग्रेस प्रत्याशी आफताब अहमद को महताब अहमद की मौजूदगी में विजय शर्मा पुत्र श्री रतन पंडित, मनोज शर्मा पुत्र राजबीर सिंह, चेतन शर्मा, उमेश कुमार, दीपक, जवाहर, मंगल, ज्ञान सिंह, दिनेश कुमार, छत्तर सहित दर्जनों ने समर्थन दिया। वहीं बाई गांव में डोर टू डोर अभियान के अंतर्गत शारिक अहमद की अगुवाई में दर्जनों युवा कांग्रेसी हो गए। कई विभिन्न दलों को अलविदा कहकर ये कांग्रेसी हो गए।
वहीं शाहपुर नंगली में पीसीसी सदस्य महताब अहमद की मौजूदगी में जान मौहम्मद, जाहुल खान, हसन मोहम्मद, मुस्तकीम, इरशाद, साजिद, उमरदीन, नसरू, बसीर, नसीर, इरफान, मुस्तुफा, वसीम, साबिर, शाहरुख आदि ने कांग्रेस को समर्थन दिया। समाचार लिखे जाने तक कांग्रेस प्रत्याशी के चार कार्यक्रम रिठोडा में जारी थे, इसके बाद बड़का बड़वा में भी कार्यक्रम आयोजित होने हैं। इस दौरान सैंकड़ों लोग बीजेपी इनेलो छोड़ कांग्रेस के साथ हो गए।

# फतेहाबाद में कार सवार से मिले 3.90 लाख रुपये, पुलिस ने जब्त किए



**हरियाणा:** हरियाणा आम चुनाव को लेकर कड़े सुरक्षा प्रबंधों के बीच लाखों रुपये की नगदी पकड़े जाने के मामले सामने आ रहे हैं। ताजा मामला फतेहाबाद का है। शहर के भट्टू रोड पर मंगलवार दोपहर को पुलिस और चुनाव निगरानी अधिकारियों की टीम नाकाबंदी के दौरान एक कार सवार से 3.90 लाख रुपये की नगदी बरामद की है। कार चालक राशि के बारे में कोई पुख्ता सबूत और जानकारी नहीं दे पाया, जिसपर अधिकारियों ने राशि को जब्त कर सील कर दिया है। विधानसभा चुनाव को लेकर अधिकारियों की टीम भट्टू रोड पर जनस्वास्थ्य विभाग कार्यालय के सामने नाकाबंदी कर आने जाने वाले वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इस दौरान टीम ने एक कार को शक के आधार पर रोका। कार को भिवानी निवासी हरिकृष्ण चला रहा था। गाड़ी की जांच के दौरान 3 लाख 90 हजार रुपये कैश बरामद हुआ। टीम मे पुलिस अधिकारियों के अलावा बिजली निगम एसडीओ नगेंद्र और नगर परिषद जेई राजेश भांभू मौजूद थे। टीम को कार सवार व्यक्तियों ने बताया कि प्लॉट का सौदा हुआ है और उसकी एवज में बयाना राशि आई है। एसडीओ नगेंद्र ने बताया कि चुनाव आचार संहिता लगी हुई है। इसके चलते कोई भी व्यक्ति 50 हजार से ज्यादा की नकद राशि साथ नहीं रख सकता है।

# 9 गाँवों के किसानों ने दिया इनेलो-बसपा प्रत्याशी चौधरी ताहिर हुसैन का समर्थन, समर्थन समारोह में हजारों किसान पहुंचे

(अनिल मोहनियां नूंह)
मंगलवार को जिले के की नूंह विधानसभा के अंतर्गत आने वाले 9 गाँवों के किसानों ने समर्थन समारोह आयोजित कर इनेलो - बसपा प्रत्याशी चौधरी ताहिर हुसैन को तन-मन-धन से समर्थन दिया। आईएमटी कवंरसीका में आयोजित समर्थन आरोह में 9 गाँवों के हजारों किसान पहुंचे तथा चौधरी ताहिर हुसैन व उनके चाचा चौधरी फजल हुसैन का फूलमालाओं व पगड़ी बाँधकर जोरदार स्वागत किया।
समर्थन समारोह से 9 गाँवों के किसान जिनमें प्रमुख रूप से हाजी अब्बास खेड़ली कंकर, मुबीन पूर्व सरपंच रोजकामेव, वहीद सरपंच महरोला, तय्यब रूपाहेड़ी, हाफिज सिराजुद्दीन, दिनदार,जाहिद पूर्व सरपंच,मुद्दीन रोजका,अय्यूब रोजका,तय्यब हुसैन, भागमाल मास्टर,लल्लू चौधरी,रज्जाक,उस्मान खेड़ली,नूरदीन खेड़ली ने आदि कांग्रेस व कांग्रेसी वर्तमान विधायक आफताब अहमद पर जमकर बरसे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार में मंत्री होते हुए आफताब अहमद ने 9 गाँवों के किसानों के साथ बहुत बड़ा धोखा किया था। अपनी स्वंय और गाँव खानपुर की जमीन तो आर जोन में पास करा ली जिसका प्रति एकड़ 4 करोड़ रुपए लिए गए और 9 गाँवों के किसानों की आँखों में धूल झोंककर उनकी हजारों एकड़ जमीन को कोड़ियों में एक्वायर करवा दी और उनसे झूठे एफिडेविट लेकर उनके साथ बहुत बड़ा धोखा किया है। समर्थन समारोह में 9 गाँवों के किसानों की कांग्रेस व कांग्रेसी विधायक के प्रति नाराजगी खूब दिखी। 9 गाँवों के किसानों द्वारा चौधरी ताहिर हुसैन के वालिद चौधरी जाकिर हुसैन की भी जमकर तारीफें की गई। उन्होंने कहा कि चौधरी जाकिर हुसैन के खिलाफ जो गलत फहमी थी वो अब निकल चुकी है। उन्होंने हमारा धरना नहीं उठवाया था। उनका धरना उठवाने में कोई रोल नहीं था। उन्होंने 9 गाँवों के किसानों की माँगों के लिए दिन-रात प्रयास किए थे और अब भी कर रहे हैं। 9 गाँवों के किसानों द्वारा चौधरी ताहिर हुसैन व उनके चाचा चौधरी फजल हुसैन का पगड़ी बाँधकर सम्मानित किया गया। चौधरी ताहिर हुसैन ने 9 गाँवों के किसानों द्वारा समर्थन, मान-सम्मान व शानदार स्वागत के लिए धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि वे और उनकी पार्टी का 9 गाँवों के किसानों की माँगों का भरपूर समर्थन है। उनकी माँगों के लिए चौधरी अभय सिंह चौटाला बहुत प्रयास किए थे और वे कई बार धरने पर भी पहुंचे थे। ताहिर हुसैन ने कहा कि 9 गाँवों के किसानों की हर लड़ाई में वे उनके साथ हैं। जब भी उन्हें उनकी जरूरत होगी वे उन्हें अपने साथ खड़ा देखेंगे। उन्होंने कहा कि उन्होंने व उनके परिवार ने कभी झूठ व फरेब की राजनीति नहीं की। उनके लिए राजनीति कोई धंधा नहीं है बल्कि 36 बिरादरी की सेवा करना ही सबसे बड़ा मकसद है। चौधरी फजल हुसैन ने भी मान-सम्मान व समर्थन के लिए 9 गाँवों के किसानों का भार जताया। उन्होंने कहा कि आप लोगों ने आज समर्थन देकर चौधरी ताहिर हुसैन को रिकॉर्डतोड़ जीत की तरफ इशारा कर दिया है। आप लोग मेहनत करें इंशा



अल्लाह ! ताहिर हुसैन विधायक बनने के बाद आप लोगों की माँगों को पूरा करवाने का भरसक प्रयास करेंगे।४ इस अवसर पर प्रमुख रूप से इनेलो नेता हाजी सोराब सरपंच, अध्यक्ष इब्राहीम पहलवान, इमरान खेड़ी, वसीम, वारिश, समसु, हाजी जसमाल बड़ेलाकी, शाहिद,इस्माइल,हक्कुमुद्दीन,असरुमुद्दीन, इसराईल बड़ेलाकी, इसलाम सरपंच रेवासन, हाजी आसम, ताजू रेवासन, अलीम रेवासन, अकबर रेवासन, लखपत, नसीम बसई आदि के अलावा हजारों 9 गाँवो के किसान मौजूद रहे।

# हरियाणा में बल्लभगढ़ का होगा नंबर वन का विकास: मूलचंद शर्मा



समाचार गेट/संजय शर्मा

**बल्लबगढ़।** भाजपा प्रत्याशी मूलचंद शर्मा ने कहा कि कांग्रेस ने एक हाथ से नहीं बल्कि दो दो हाथों से देश और प्रदेश को लूटने का काम किया था। उन्होंने कहा की कांग्रेस के हाथ में विकास की नहीं बल्कि विनाश की रेखाएं खींची हुई है,इसीलिए किसी को कांग्रेस की मीठी और चुपड़ी बातो में आने में आने की जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा कि देश और प्रदेश का भला और विकास राष्ट्रहित की सोच रखने वाली भारतीय जनता पार्टी के हाथ में ही सुरक्षित है। श्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि भाजपा के राज में देश और प्रदेश की सीमाएं सुरक्षित है और प्रदेश की दिशा और दशा के साथ-साथ प्रदेश के नागरिकों को सुरक्षा देने का भी काम करती है।

भाजपा प्रत्याशी मूलचंद शर्मा आज बल्लभगढ़ विधानसभा में दर्जन भर से ज्यादा चुनावी जनसंपर्क अभियान के तहत लोगों से मिल रहे थे। भाजपा प्रत्याशी मूलचंद शर्मा को बुजुर्गों का आशीर्वाद भी भरपूर मिल रहा है कई संस्थाओं ने भी अभी तक भाजपा को बल्लभगढ़ में पूरा समर्थन देने की घोषणा की है।

बता दे कि आज बल्लभगढ़ की पंजाबी धर्मशाला में ऑल इंडिया मियावली डिस्ट्रिक्ट एसोसिएशन बल्लबगढ़ द्वारा आयोजित कार्यक्रम में भाजपा प्रत्याशी मूलचंद शर्मा का बड़ी माला के साथ जोरदार स्वागत करते हुए संस्था ने उन्हें आश्वासन दिलाया कि उनको जीत निश्चित है भारी मतों से होगी और बल्लभगढ़ से फिर तीसरी बार विधायक बनेंगे।इस मौके पर पंजाबी समाज के मुख्य लोगो में गिरधारी लाल जुनेजा,विनय खंडूजा, हरीश गौरा प्रधान,अजय जुनेजा, प्रेम पसरीजा, तुलसी मेदीरता, तुलसी गुलयानी, पूरण मदिरता, हरेंद्र भाटी, राजेश कुकरेजा, प्रेम मदान, अमित मदान सहित पंजाबी समाज के गणमान्य जन मौजूद रहे। मियांवाली एसोसिएशन का भाजपा प्रत्याशी श्री शर्मा ने सभी का आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि भाजपा ने हमेशा सभी वर्गों को साथ लेकर विकास की राह पर चलने का काम किया है।

इसके उपरांत त्रिखा कॉलोनी में भाजपा प्रत्याशी मूलचंद शर्मा ने पहुंचकर लोगों से वोट की अपील की। इस मौके पर गंगाराम शास्त्री,पुष्पा शर्मा,डॉ नीरज शर्मा, शीला शर्मा,रामकिशन, नरेश,राकेश नंबरदार, प्रकाश भाटी सहित गणमान्य लोग मोजूद रहे।

भाजपा प्रत्याशी मूलचंद शर्मा ने सभी से 5 अक्टूबर को भाजपा के पक्ष में ज्यादा से ज्यादा वोट की अपील की और कहा कि बल्लभगढ़ मजबूत होगा तो हरियाणा मजबूत होगा। मोहना रोड बल्लभगढ़ पर भी जाना हुआ। इस मौके पर आयोजित भंडारे में भी शिरकत की और उन्होंने प्रसाद ग्रहण किया। श्री शर्मा ने सभी का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि बल्लभगढ़ में जब कमल खिलता है तो उसकी महक चंडीगढ़ तक जाती है, इसलिए सभी भाजपा के कमल के निशान पर अपना कीमती दे और भाजपा को जिताएं। भाजपा प्रत्याशी मूलचंद शर्मा ने भगत सिंह कॉलोनी ,दौलत कॉलोनी अंबेडकर भवन आशियाना सेक्टर 62 शिव कॉलोनी, नाहर सिंह कॉलोनी, यादव कॉलोनी, विष्णु कॉलोनी, लक्ष्मण कॉलोनी आदि का तूफानी द्वारा किया।

बल्लबगढ़ त्रिखा कॉलोनी के जी पार्ट में आयोजित चाय के कार्यक्रम पर भाजपा प्रत्याशी श्री मूलचंद शर्मा ने वोट की अपील की।

इस मौके पर जितेंद्र शर्मा, पारस जैन, लखन बेनीवाल, केशव, अनीता शर्मा, सुनीता कौशिक, सुषमा यादव, चौधरी रामरतन, हरपाल, सुनील शर्मा, अनूप नागर, रविंद्र वैष्णव सहित कालोनी के गणमान्य लोग मोजूद रहे।

# पृथला क्षेत्र के समग्र विकास के लिए टेकचंद शर्मा को विजयी बनाएं : डा. संजय जायसवाल

## बिहार के सांसद ने भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में जनता से मांगे वोट



समाचार गेट/नरवीर यादव

**फरीदाबाद।** बिहार के भाजपा सांसद डा. संजय जायसवाल ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत विश्वभर में शक्तिशाली देश बनकर उभरा है। 2014 से पहले का भारत और आज का भारत दोनों में जमीन-आसमान का अंतर है। आज भारत दुश्मनों का सामना मजबूती से करने में सक्षम हुआ है, अमेरिका, चीन के बाद भारत विश्व की सबसे तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है और इस सबका श्रेय प्रधानमंत्री मोदी की दूरदर्शी सोच को जाता है। श्री जायसवाल मंगलवार को गांव दुधौला में पृथला विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी पं. टेकचंद शर्मा के समर्थन में आयोजित विशाल जनसभा को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान पृथला की ऐतिहासिक धरती पर पधारने पर पं. टेकचंद शर्मा के नेतृत्व में सांसद डा. संजय जायसवाल का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया गया। उपस्थितजनों को संबोधित करते हुए सांसद संजय जायसवाल ने कहा कि पं. टेकचंद शर्मा सर्व समाज के व्यक्ति है और वर्षो से क्षेत्र की जनता के बीच रहकर उनकी सेवा में लगे है इसलिए इस बार आप लोग इन्हें इतने भारी मतों से जिताएं ताकि हरियाणा में बनने वाली भाजपा सरकार में यह मंत्री बनकर इस क्षेत्र को विकास के मामले में अव्वल बनाने का काम करे। इस अवसर पर भाजपा प्रत्याशी पं. टेकचंद शर्मा ने कहा कि पृथला क्षेत्र उनका परिवार है और इस परिवार की वह पिछले कई वर्षो से लायक बेटे की तरह सेवा कर रहे है।

उन्होंने कहा कि 2014 में भी जनता ने उन्हें आर्शीवाद देकर विधानसभा में भेजा था और उन्होंने भाजपा सरकार को समर्थन देते हुए पृथला क्षेत्र में रिकार्ड तोड़ विकास कार्य सम्पन्न करवाए थे। इस बार जब वह भाजपा की टिकट पर जनता के बीच में आए है तो उन्हें उम्मीद है कि जनता विकास का साथ देते हुए पृथला क्षेत्र में कमल खिलाने का काम करेगी। उन्होंने लोगों को यह विश्वास दिलाते हुए कहा कि अगर आपने मुझे अपना जनप्रतिनिधि चुना तो पांच सालों में पृथला क्षेत्र को न केवल हरियाणा बल्कि देश की सबसे विकसित विधानसभा बनाने का काम करूंगा।

# बल्लभगढ शहर में चल रही राव रामकुमार की लहर



समाचार गेट/संजय शर्मा

**बल्लभगढ़।** सेक्टर 3 में निर्दलीय प्रत्याशी राव रामकुमार के चुनाव चिन्ह सेब ने दिखाया अपना रंग, सैकड़ों की संख्या में मौजूद लोगों ने किया राव रामकुमार का स्वागत। आओ मिलकर करें संकल्प, एप्पल के संग, राव राम कुमार का है विकल्प! और वोट है आपका अनमोल, एप्पल का हो हर दिल में बोल! जैसे नारों के बीच निर्दलीय प्रत्याशी राव रामकुमार का जनसंपर्क अभियान तेज होता जा रहा है, हमारे संवाददाता ने जब जनसंपर्क अभियान में मौजूद लोगों से पूछा कि इस बार किसको विधायक बनाना चाहेंगे तो हर किसी की जुबान पर यही सुनने को मिला की बल्लभगढ़ से अबकी बार निर्दलीय प्रत्याशी राव राम कुमार विधायक की कुर्सी पाने की दौड़ में सबसे आगे है, तो वहीं सेक्टर 3 के स्थानीय नागरिकों ने एक स्वर में कहा कि बल्लभगढ शहर में चल रही राव रामकुमार की लहर।

# जनता ने दिया आर्शीवाद तो 100 दिन के अंदर होगी बडखल क्षेत्र की कायाकल्प : धनेश अदलक्खा

## भाजपा प्रत्याशी धनेश अदलक्खा को बन्नवाल वेलफेयर एसो. ने दिया समर्थन




समाचार गेट/संजय शर्मा

**फरीदाबाद।** बडखल विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी धनेश अदलक्खा ने कहा है कि आज देश मोदी जी के मजबूत हाथों में है, हम लोकसभा जीतकर आए, राज्यसभा में भी बहुमत बना रखा है, लेकिन हरियाणा में भी हमें नहीं चूकना, अन्यथा यहां की पांच राज्यसभा की सीटें कम होगी, जिसके चलते हमें एजेंडे पास करने के लिए सोचना होगा। उन्होंने कहा कि यह चुनाव राष्ट्र का चुनाव है, मत देखो कि धनेश अदलक्खा को, देखा तो सिर्फ देश और प्रदेश को, इसलिए आने वाली पांच अक्टूबर को कमल के निशान का बटन दबाकर भाजपा को मजबूत करने का काम करें। श्री अदलक्खा बीती रात कल्याण सिंह चौक पर बन्नवाल वेलफेयर एसो. द्वारा आयोजित स्वागत समारोह में उपस्थितजनों को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान बन्नवाल वेलफेयर एसो. ने श्री अदलक्खा को अपना भरपूर समर्थन देते हुए उन्हें भारी मतों से विजयी बनाने का भरोसा दिलाया। धनेश अदलक्खा ने कहा कि अगर आप 1947 दोबारा नहीं देखना चाहते तो हरियाणा में भाजपा की सरकार बनाओ और मोदी जी के हाथों को मजबूत करो। उन्होंने कहा कि मैं कोई बाहर का नहीं बल्कि फरीदाबाद का ही बेटा हूं और आपको विश्वास दिलाता हूं कि विधायक बनने के बाद सौ दिन के अंदर बडखल क्षेत्र की विकास के मामले में कायाकल्प कर दूंगा। तीन बार में पार्षद रह चुका है, एक बार विधायक बनाओ, चौथी बार आप खुद मेरी वोट मांगने जाओगे। उन्होंने कहा कि हम सभी छत्तीस बिरादरी को साथ लेकर बडखल क्षेत्र का चहुंमुखी विकास करेंगे और दस सालों से जारी विकास के इस पहिये को आगे पांच साल और चलाते रहेंगे। इस दौरान कार्यक्रम में मौजूद सभी लोगों ने दोनों हाथ उठाकर उनका समर्थन करके उन्हें भारी मतों से विजयी बनाने का भरोसा दिलाया। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष राजकुमार वोहरा, निवर्तमान महापौर सुमन बाला, मनोज नासवा ने भी सभाओं में लोगों से धनेश अदलक्खा के पक्ष में मतदान करने की अपील की। इसके उपरांत उन्होंने एनआईटी नंबर दो, एनआईटी पांच आरडब्ल्यूए, एसजीएम नगर, सेक्टर-21डी, फ्रूट गार्डन सहित अनेकों जगहों पर चुनावी सभाएं कर अपने समर्थन में वोट मांगे।

# बड़खल गांव के हालात देख झलका आप प्रत्याशी का दर्द

## बडखल को बनाएंगे खूबसूरत शहर : ओपी वर्मा



समाचार गेट/संजय शर्मा

**फरीदाबाद।** बडखल विधानसभा क्षेत्र के गांव बडखल में मंगलवार को आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी ओ पी वर्मा जब पहुंचे तो उनकी आंखों से आंसू छलक आए। उन्होंने कहा कि आज भी गांव बडखल के लोग जिस हालत में रहते हैं, वह अमानवीय है और इसके लिए पूरी तरह से भाजपा-कांग्रेस दोनों जिम्मेदार हैं। आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी ओ पी वर्मा मंगलवार को विधानसभा क्षेत्र के गांव बडखल में डोर टू डोर लोगों से मुलाकात कर रहे थे और आप पार्टी के चुनाव चिन्ह् झाडू के निशान के सामने वाला बटन दबाकर वोट डालने की अपील कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आप लोगों ने अगर मुझे मौका दिया तो बडखल गांव के खूबसूरत शहर का रूप दूंगा और लोगों को इस नारकीय जीवन से मुक्ति दिलाऊंगा।

ओपी वर्मा ने कहा कि मैं दो साल पहले भी गांव बडखल में आया था, जिसके नाम से बडखल विधानसभा क्षेत्र है। लेकिन दो साल में हालात और ज्यादा खराब हुए हैं। ओ पी वर्मा को गांव बडखल में जोरदार समर्थन मिला। उन्होंने कहा कि मुझे आप लोगों का प्यार और आशीर्वाद चाहिए। मैं आपसे वादा करता हूं बडखल गांव को खूबसूरत शहर बनाकर दूंगा। गांव में गलियां, सडकें सीवर और शुद्ध पानी की व्यवस्था कराकर दूंगा। श्री वर्मा ने कहा कि आज बडखल गांव के हालात देखकर मैं बहुत दुखी हूं और मुझे सेवा का मौका अगर क्षेत्र की जनता ने दिया तो मैं अपने आपको न्यौछावर कर दूंगा। ऐसी गंदगी में लोग किस प्रकार रह रहे हैं, यहां रहने वाले लोगों की यह हिम्मत है। बडखल गांव के लोगों के साथ न केवल भाजपा बल्कि कांग्रेस दोनों ने छल किया है। वर्मा ने कहा कि मुझे बड़ा दुख होता है जब वह लोगों के बीच जाते हैं और लोग उन्हें कहते हैं कि सीवर का पानी सडकों पर बह रहा है। नालों की सफाई न होने से बदबूदार पानी लोगों के घरों में घुस रहा है। हल्की सी बरसात से ही शहर जलमग्न हो जाता है।ओल्ड अंडर पास पर अभी हाल ही में दो बैंक कर्मियों की मौत हो गई, यह पहली मौत नहीं है अक्सर ही बरसात के दौरान ऐसे हादसे होते रहते हैं। ग्रीनफील्ड अंडरपास का भी यही हाल हैं।

# टीपरचंद शर्मा ने किया मूलचंद शर्मा के लिए जनसंपर्क अभियान



समाचार गेट/संजय शर्मा

**फरीदाबाद।** बल्लभगढ विधानसभा में भाजपा प्रत्याशी मूलचंद शर्मा का माहौल एकतरफा बनता दिखाई दे रहा है, क्योंकि अब उनके बडे भाई और वरिष्ठ भाजपा नेता टीपरचंद शर्मा ने भी अपने जनसंपर्क अभियान को तेज गति दे दी है। लोगों का कहना है कि विधानसभा में की गई उनकी मेहनत और जनता के सहयोग एवं समर्थन से माहौल एक तरफा होता जा रहा है। ऐसा ही नजारा देखने को मिला जब टीपरचंद शर्मा सैक्टर-65 की गुरुनानक सोसाइटी में लोगों से जनसम्पर्क करने पहुंचे, जहां गणमान्य व्यक्तियों ने उनका फूल मालाओं से स्वागत किया। लोगों को संबोधित करते हुए भाजपा नेता ने कहा कि बल्लभगढ की जनता का प्यार, स्नेह और समर्थन अगर यूं ही मिलता रहा तो मूलचंद शर्मा विधायक बनकर नहीं बल्कि सेवक बनकर काम करेगा। उन्होने कहा कि चुनाव की कमान बल्लभगढ की जनता एवं सभी देवतुल्य कार्यकताओं ने संभाली हुई है। उन्होंने ने कहा कि हरियाणा में पिछले दस वर्षों से लगातार भाजपा की सरकार रही है, जोकि समाज एवं 36 बिरादरियों के लिए सम्मान की बात है।

इस बार भी बल्लभगढ की जनता फिर से उन्हें विधायक बनाने का मन बना चुकी है और बेसबी से आने वाली 5 अक्टूबर का इंतजार कर रही है जब वह कमल के फूल के चुनाव चिन्ह का बटन दबाएगी। इस अवसर पर अमृतलाल, राजकुमार शर्मा, विनोद कुमार कौशिक, मनोज शर्मा, ललित शर्मा, बलजीत सिंह आदि उपस्थित थे।

# लोगों की सेवा करना ही राजनीति में आने का मुख्य उद्देश्य : दीपक डागर

## ब्राह्मण, बघेल समाज ने पगड़ी बांधकर किया डागर का समर्थन



समाचार गेट/संजय शर्मा

**फरीदाबाद।** पृथला विधानसभा क्षेत्र के निर्दलीय प्रत्याशी दीपक डागर ने अपने चुनावी अभियान के तहत आज गांव जाजरु, शाहपुरखुर्द, कैली, ककड़ीपुर बस्ती, जाटौला, डूंडसा, मांदकौल, ततारपुर, असावटी, अमरपुर में तूफानी दौरे करके चुनावी सभाओं को संबोधित किया और लोगों से अपने पक्ष में मतदान करने की अपील की। गांवों में जगह-जगह दीपक डागर का ग्रामीणों ने फूल मालाओं, सम्मान रुपी पगड़ी बांधकर एवं लड्डूओं से तौलकर उनका सम्मान करते हुए उन्हें विजयश्री का आर्शीवाद दिया। इस दौरान ब्राह्मण समाज ने उनका नोटों की माला पहनाकर, चांदी का मुकुट बांधकर एवं बघेल समाज ने सम्मान रुपी पगड़ी बांधकर उनका स्वागत किया। सभाओं को संबोधित करते हुए दीपक डागर ने कहा कि छत्तीस बिरादरी का जिस प्रकार से उन्हें आर्शीवाद मिल रहा है, उससे वह पूरी तरह से आश्वस्त है कि वह भारी मतों से विजयी बनाकर विधानसभा पहुचेंगे। उन्होंने कहा कि उनका राजनीति में आने का उद्देश्य केवल सेवाभाव है और वह लोगों को यह विश्वास दिलाते है कि पृथला क्षेत्र के विकास और सर्व समाज के मान सम्मान में मैं कभी कमी नहीं आने दूंगा। श्री डागर ने कहा कि आपने तीन-तीन विधायकों को सत्ता में भेजा है, सबने क्षेत्र की अनदेखी की है, इस बार आप अपने बेटे को जिताकर भेज दो, मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि आपकी आकांक्षाओं पर पूरी तरह से खरा उतरुंगा। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि आगामी पांच अक्टूबर को 'बैट' का निशान दबाकर उन्हें मतरुपी आर्शीवाद दे ताकि यहां से जीतकर पृथला क्षेत्र का समुचित विकास कर सके।

## संपादकीय

### प्रधानमंत्री आवास: अंत्योदय की उपज




नरवीर यादव
कार्यकारी संपादक

महान विचारक एवं राजनीतिक चिंतक पं. दीनदयाल उपाध्याय ने समाज में व्याप्त आर्थिक विषमता को दूर करने के लिए 20 वी सदी में अंत्योदय के सिद्धांत का प्रतिपादन किया था. उन्होंने जब महसूस किया कि देश में अमीरी व गरीबी के बीच की खाई दिनों दिन गहरी होती जा रही है। एक ओर जहां समाज में ऐसे लोग हैं जिसके पास बेशुमार धन संपदा है वहीं दूसरी ओर एक बड़ा तबका ऐसा भी है जिसकी कमाई सीमित है, उनके लिए अपनी दैनंदिनी की आवश्यकता की आपूर्ति करना कठिन और दुष्कर है। यह तबका आर्थिक रूप से काफी पिछड़ा हुआ है। इन्हें अपनी आजीविका के लिए दूसरों पर आश्रित रहना पड़ता है। इनका अपना कोई आशियाना भी नहीं है। अंग्रेजी हुकूमत ने इस वर्ग का काफी आर्थिक शोषण किया। उस दौर में इन्हें ना ही अपने श्रम का उचित मूल्य मिलता था और ना ही सम्मानजनक जीने का अवसर। अत: ये जमीदारों व साहूकारों के चंगुल में फंस कर गरीबी, बेकारी व भुखमरी के शिकार हो गये। उन्हें अपने जीवन यापन के लिए बंधुआ मजदूरी भी करनी पड़ी। अमीरी व गरीबी की खाई के साये में सन 1947 में आजाद भारत का जन्म हुआ लेकिन आजादी के बाद भी यह समस्या नासूर बनी रही। इस व्यवस्था से व्यथित पं. दीनदयाल ने कहा कि आर्थिक असमानता की खाई को पाटने के लिए आवश्यक है कि हमें आर्थिक रूप से कमजोर लोगों के उत्थान की चिन्ता करनी चाहिए क्योंकि अर्थ का अभाव और अर्थ का प्रभाव दोनों समाज के लिए घातक हैं। पं. दीनदयाल उपाध्याय ने कहा कि हमारे प्रयास और हमारी विकास की योजनाएं ऐसी हों कि समाज के अंतिम पंक्ति के अंतिम व्यक्ति का विकास पहले हो। समाज के उपेक्षित व शोषित व्यक्ति को समाज की मुख्य धारा से जोड़कर आर्थिक समानता स्थापित करने का काम अन्त्योदय के सिद्धांत से ही हो सकता है।

# सरकार बनने पर कॉलोनियों का होगा भरपूर विकास : लखन सिंगला

## कांग्रेस प्रत्याशी का इंद्रा कालोनी, संत नगर सहित कई कालोनियों में हुआ जोरदार स्वागत



**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** फरीदाबाद विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस के प्रत्याशी लखन कुमार सिंगला का क्षेत्र की कालोनियों इंद्रा कालोनी, संत नगर, बसेलवा कालोनी, पदम नगर आदि में लोगों ने जोरदार स्वागत किया और उन्हें एकजुट होकर भारी मतों से विजयी बनाने का भरोसा दिलाया। कालोनियों में आयोजित सभाओं में भारी संख्या में पहुंचे लोगों ने 'कांग्रेस पार्टी जिंदाबाद, चौ. भूपेंद्र सिंह हुड्डा जिंदाबाद, लखन सिंगला जिंदाबाद' के गगनचुंबी नारे लगाकर पूरे माहौल को कांग्रेसमय कर दिया। लोगों के मिले अपार जनसमर्थन से उत्साहित लखन सिंगला ने कहा कि पिछले कई दिनों से जिस प्रकार से उनकी सभाओं में लोगों का हजूम उमड़ रहा है, उससे स्पष्ट है कि भाजपा जा रही है और कांग्रेस आ रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने हमेशा कालोनियों को बसाने का काम किया है, उनमें रहने वाले लोगों को मूलभूत सुविधाएं देने की पहल की है, लेकिन भाजपा सरकार के पिछले दस सालों में कालोनियां विकास से महरूम रही। श्री सिंगला ने कहा कि अपने क्षेत्र की कालोनियों की दुर्दशा देखकर उनका दिल रोता है, ऐसी कोई कालोनी नहीं, जहां सीवरेज का गंदा पानी न भरा हो, कीचड़ न हो, गंदगी न हो, पीने के पानी की कमी न हो, बिजली की अस्त-व्यस्त तारें न हो, बरसातों में तो इन कालोनियों में दो से चार फुट तक पानी भर जाता और लोगों के घरों तक पहुंच जाता है, जिससे उनका जन जीवन पूरी तरह से अस्त-व्यस्त हो जाता था, लेकिन किसी भी भाजपा जनप्रतिनिधि ने इन लोगों की सुध नहीं ली। हमेशा इन्हें वोट बैंक के रुप में इस्तेमाल किया, लेकिन मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि अगर आपने अपना आर्शीवाद दिया तो कालोनियों में लोगों को मौलिक सुविधाएं उपलब्ध करवाना उनकी प्राथमिकता रहेगी और वहां रहने वाले गरीब लोगों को कांग्रेस सरकार बनने पर रोजगार दिया जाएगा ताकि इन लोगों को भी उन्नत समाज की धारा से जोड़ा जा सके।

उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि वह भाजपाईयों के झूठे प्रलोभनो में न आए और हरियाणा में बन रही कांग्रेस सरकार को अपना समर्थन देकर मजबूत सरकार चुनने का काम करे।

# विकास के झूठे वायदे कर लोगों को गुमराह कर गए मुख्यमंत्री सैनी : ललित नागर

### पंचायती उम्मीदवार बोले, मुख्यमंत्री की रैली रही पूरी तरह से फ्लॉप



**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** तिगांव विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक एवं पंचायती उम्मीदवार ललित नागर ने इस्माईलपुर में आयोजित हुई भाजपा की रैली पर तंज कसते हुए कहा कि मुख्यमंत्री नायब सैनी की इस रैली में मात्र चंद लोगों की उपस्थिति यह दर्शाती है कि अब लोगों का भाजपा से मोहभंग होने लगा है क्योंकि पिछले दस सालों के दौरान भाजपा की ट्रिपल इंजन की सरकार तिगांव का विकास करवाने में पूरी तरह से फेल साबित हुई है, कालोनी हो, सेक्टर हो या फिर ग्रामीण क्षेत्र हर जगह समस्याएं ही समस्याएं व्याप्त हैं, जिसके चलते लोग अब भाजपा को सत्ता से बाहर करने के लिए एकजुट होने लगे है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सैनी जिन सड़कों से होकर रैली स्थल तक पहुंचे, उन सड़कों की हालत भी बद से बदत्तर हैं, लेकिन रैली के माध्यम से उन्होंने इन बदहाल सड़कों का कोई जिक्र तक नहीं लिया और केवल और केवल विकास के झूठे वायदे करके लोगों को गुमराह करके चले गए, लेकिन तिगांव की जनता अब भाजपाईयों के झूठे बहकावों में कतई आने वाली नहीं है और वोट की चोट से भाजपा को सत्ताविहिन करने के लिए लामबंद हो गई है। श्री नागर ने आज अपने चुनावी अभियान के तहत गांव मंझावली, ताजपुर, टिकावली, पलवली कालोनी, दीपावली कालोनी, सूर्या विहार आदि में जनसंपर्क करके लोगों से अपने पक्ष में मतदान करने की अपील कर रहे थे। इस दौरान जगह-जगह आयोजित सभाओं में ललित नागर का लोगों ने फूल मालाओं एवं सम्मान रुपी पगड़ी बांधकर स्वागत किया और उन्हें विश्वास दिलाया कि तिगांव के इस सम्मान की लड़ाई में छत्तीस बिरादरी कंधे से कंधा मिलाकर उनके साथ खड़ी है। लोगों से मिले स्नेह रुपी आर्शीवाद से गदगद ललित नागर ने कहा कि जो प्यार व आर्शीवाद क्षेत्र की जनता उन्हें दे रही है, उसके लिए वह सदैव उनकी ऋणी रहेंगे। उन्होंने कहा कि वह बिना किसी स्वार्थ के बीस सालों से इस क्षेत्र की लायक बेटे की तरह सेवा कर रहे है, यहां की हर गली-हर गांव की समस्या से वह भली भांति परिचित है, अगर आपने अवसर दिया तो इस क्षेत्र में व्याप्त सभी समस्याओं का जड़मूल से समाधान करवाने में कोई कोर कसर बाकि नहीं छोड़ेंगे।

# सरकार बनने पर सरकारी शिक्षण संस्थानों में होगी 50 प्रतिशत महिला टीचर: दुष्यंत चौटाला



**समाचार गेट/ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** हरियाणा के पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा कि प्रदेश में जेजेपी-एएसपी की सरकार बनने पर सभी सरकारी शिक्षण संस्थाओं की टीचिंग जॉब्स में महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण दिया जाएगा, इससे शिक्षा के क्षेत्र में महिलाओं की बड़ी भागीदारी होगी।

तिगाव में जेजेपी-एएसपी प्रत्याशी टी आर भारद्वाज के चुनावी जनसभा में पहुंचे उनके साथ पार्टी की जिला अध्यक्ष प्रदीप चौधरी और पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा कि उम्मीदवारों के चुनावी दंगल की शुरुआत हो चुकी है।

उन्होंने कहा कि प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में रोमांचक चुनावी मुकाबले देखने को मिल रहे है। दुष्यंत चौटाला ने कहा कि जेजेपी-एसएपी गठबंधन मजबूती से चुनाव लड़ रहा है और गठबंधन ने शिक्षित, अनुभवी उम्मीदवारों को मैदान में उतारा है। इसके उपरांत दुष्यंत चौटाला ने तिगांव विधानसभा के खेड़ी कलां में चुनाव प्रचार किया और ग्रामीणों से वोट की अपील की। गांवों में पहुंचने पर पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला का जोरदार स्वागत खेड़ीकलां मे तिगांव विधानसभा के लोगों ने किया। इस मौके पर जिला अध्यक्ष प्रदीप चौधरी,तेजपाल डागर ,अमर नरवत,जिला प्रवक्ता अनिल खुटेला,संदीप कपासिया ,भारत यादव ,प्रेम सिंह धनखड़, हरमीत कौर, जितेंद्र चौधरी ,कुलबीर मलिक, नलिन हुड्डा ,स्वदेश ग्रोवर अनिल नरवत, अमर सिंह दलाल, सूरत चौहान ,हरिराम किराड़,पवन नरवत ,आशुतोष गर्ग ,भारत यादव,मोहम्मद शरीफ , सोरज अधाना सहित पार्टी के काफी वर्कर मौजूद रहे।

## आप प्रत्याशी प्रवेश मेहता ने किया कालोनियों और सेक्टरों में जनसम्पर्क अभियान



**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** आम आदमी पार्टी फरीदाबाद शहर के उम्मीदवार प्रवेश मेहता का जनसम्पर्क अभियान तेज गति से आगे बढ रहा है और लोग भी उनके साथ काफी संख्या में जुड रहे हैं। प्रवेश मेहता ने आज विधानसभा की कई कालोनियों और सेक्टरों का दौरा कर अपने लिए वोट मागें। जमीन से जुड़े नेता होने के कारण प्रवेश मेहता जिस भी जगह से गुजरे लोगों उनकी ईमानदारी के कसीदे पढने लगे। लोगों का कहना था कि प्रवेश मेहता की जितनी भी तारीफ की जाए वो कम है पार्षद रहते हुए उनके घर के दरवाजे हमेशा 24 घण्टे जनता के लिए खुले रहते थे और हर काम वह बिना खर्चे के कराते थे। इसलिए वह इन्हें ही जताएंगे। इस अवसर पर प्रवेश मेहता ने कहा कि राजनीति मेरा पेशा नहीं ब्लकि मेरा जुनून है ताकि में इसके माध्यम से लोगों की सेवा कर सकूं। इतनी ज्यादा संख्या में जो आप लोग मेरी सभाओं में पहुंच रहे हो इससे यह साफ दिखता है कि आपका प्यार और आर्शीवाद मेरे साथ है और मुझे कोई भी नहीं हरा सकता।

# एनआईटी की जनता के भरोसे जीत पक्की : सतीश फागना



फोटो: ओमप्रकाश पांचाल

**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** एनआईटी से भाजपा प्रत्याशी सतीश फागना ने कहा कि एनआईटी की जनता का जिस तरह से भरोसा मिल रहा है,इससे साबित हो गया है कि इस बार भाजपा एनआईटी में कमल का फूल खिलाते हुए बड़े मार्जन से जीत दर्ज करेगी। सतीश फागना ने आज एनआईटी विधानसभा के विभिन्न इलाकों में पदयात्रा कर जन्सम्पर्क किया और कई सभाओं को संबोधित करते हुए कहा कि जनता जागरूक हो चुकी है और किसी के बहकावे में ना आकर केवल कमल का फूल खिलाएगी। उन्होंनें कहा कि केन्द्र व प्रदेश की डबल इंजन सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों का जनता पर असर हुआ है,जनता के आर्शीवाद से वे विजयी होगें और भाजपा लगातार तीसरी बार सरकार बनाने जा रही है। सतीश फागना ने कहा कि मुझे एक मौका दे दो,5 साल में एनआईटी की तस्वीर बदल दूगां। उन्होंनें कहा कि देश हित के लिए फिर से एक बार भारतीय जनता पार्टी की सरकार को लाना जरूरी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं गृह मंत्री अमित शाह ने देशहित में अनेक क्रांतिकारी फैसले किए हैं। सभा में मौजूद सभी लोगों ने सतीश फागना को वोट देने का आश्वासन दिया।

## छठा श्री श्याम संकीर्तन महोत्सव 28 को

**समाचार गेट/सुमित गोयल**

**बल्लभगढ़।** श्री श्याम परिवार सेवा समिति तिगांव बल्लबगढ़ फरीदाबाद द्वारा छठा श्री श्याम संकीर्तन महोत्सव 28 सितम्बर शनिवार को जो की राधे वाटिका नियर शनिदेव मंदिर तिगांव मे शाम 6:15 बजे से श्री श्याम भैया श्याम हवेली ग्वालियर के पावन सानिध्य में आयोजित किया जा रहा है जिसमे भक्तों के साथ भजनों की रसधारा प्रवाहित करने आ रहे हैं परम आदरणीय श्री नंदकिशोर शर्मा नंदू भैया जी अहमदाबाद से श्री शीतल पांडे जी दिल्ली से प्रिया प्राची दिल्ली से योगेश सैनी बल्लबगढ़ से व सुशील गौतम जी दिल्ली से मंच संचालक करेंगे। कीर्तन में रक्तदान शिविर का आयोजन भी किया गया हैं। ट्रस्ट के संस्थापक राहुल राम अवतार शर्मा ने बताया कि शुक्रवार 27 सितंबर 2024 को प्रात: 9:00 बजे बाबा की भव्य झांकी व निशानों के साथ बैंड बाजो व डी.जे. के साथ भवानी मंदिर से राधे वाटिका तक भव्य निशान यात्रा भी निकाली जाएगी।

# मुंगेरीलाल के हसीन सपने देखना छोड़ दें कांग्रेसी : विपुल गोयल

## विपुल गोयल गांव का बेटा, गांव के लोग मुझसे प्यार करते हैं : विपुल गोयल



**समाचार गेट/नरवीर यादव**

**फरीदाबाद।** विपुल गोयल ने कांग्रेस प्रत्याशी पर हमला बोलते हुए कहा कि जो अपने भाई को न बख्शे, अपने भतीजे को ही न बख्शे वह जनता का क्या होगा। इसलिए ऐसे नेताओं से सावधान रहें, जिनका उद्देश्य केवल धन बटोरना है। फरीदाबाद विधानसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी विपुल गोयल मंगलवार को नीलम मेट्रो गेट के पास मंजू गांधी एवं ओल्ड फरीदाबाद गढ़ी मोहल्ला में फौजी किशोर पाराशर द्वारा आयोजित कार्यक्रम में शिरकत कर रहे थे। विपुल गोयल का कार्यक्रम में पधारने पर फूल-मालाओं एवं पगड़ी पहनाकर स्वागत किया गया।

विपुल गोयल ने कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को शिरकत करते हुए कहा कि विपुल गोयल हमेशा गरीब, मजदूर एवं जरूरतमंद लोगों के साथ खड़ा हुआ है। आज देश में भारतीय जनता पार्टी का परचम लहरा रहा है और तीसरी बार हरियाणा में नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी की सरकार हैट्रिक बनाने जा रही है। विपुल गोयल ने कहा कि अपना एक-एक वोट कमल के सामने वाला निशान दबाकर भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में मतदान करें। विपुल गोयल ने भारतीय जनता पार्टी का संकल्प पत्र दोहराते हुए कहा कि 2024 के घोषणा पत्र में घरेलू महिलाओं को प्रत्येक महिना 2100 रुपए देने का संकल्प लिया है। युवा बच्चे जो नौकरी करना चाहते हैं, उनको बिना किसी पर्ची-खर्ची के 2 लाख नौकरी देने का काम भारतीय जनता पार्टी करेगी। आयुष्मान कार्ड जिससे अब तक 5 लाख रुपए तक का इलाज होता था, अब 10 लाख तक का इलाज लोगों को मिलेगा। इसके अलावा हमारी माता-बहनों को 500 रुपए में गैस सिलेंडर देने का काम भारतीय जनता पार्टी करेगी।

विपुल गोयल ने कहा कि 2014 के शासनकाल में मैंने क्षेत्र की प्रत्येग गली में टाइल लगवाई, सडकें बनवाई, लाइटें लगवाई। लेकिन, साथियों 2019 से 2024 तक मुझे पार्टी हाईकमान का आदेश मानना पड़ा और संगठन में रहकर मैंने पार्टी की सेवा की। लेकिन, आज पार्टी ने मुझ पर फिर से भरोसा जताया है, इसलिए अपनी पूरी ताकत से अधिक से अधिक मतों से जिताकर मुझे विधानसभा भेजने का काम करें। आपकी वोट की ताकत ही मुझे हरियाणा में मंत्री बनाने का काम करेगी।

उन्होंने वादा किया कि फरीदाबाद में विकास कार्य करने में न तो पहले कोई कसर नहीं छोड़ी और न ही अब छोड़ूंगा। विपुल गोयल ने कहा कि आपका आशीर्वाद रहा तो वादा करता हूं कि फरीदाबाद विधानसभा क्षेत्र का परिदृश्य बदल दूंगा। मैं अपने क्षेत्र की जनता की सेवा करने आया हूं, न कि मेवा खाने। कुछ लोगों का उद्देश्य केवल मेवा खाना है और इसी उद्देश्य की पूर्ति के लिए वो राजनीति कर रहे हैं। लेकिन, आपका भाई आपका बेटा आपसे वादा करता है विकास के लिए आपको बोलने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

# लायक बेटे की तरह करूंगा एनआईटी क्षेत्र की सेवा: नगेंद्र भड़ाना



**समाचार गेट/नरवीर यादव**

**फरीदाबाद।** एनआईटी 86 से इनेलो-बसपा प्रत्याशी नगेंद्र भड़ाना ने कहा है कि क्षेत्र की जनता ने मुझे 2014 में आर्शीवाद देकर यहां से विधायक चुनकर भेजा था और अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने रिकार्ड स्तर पर विकास कार्य करवाए। एनआईटी क्षेत्र की डबुआ-पाली रोड, जो कि तीन नंबर पुलिया से लेकर पाली गांव तक जाती थी, जिसे एनआईटी विधानसभा क्षेत्र की जीवन रेखा कहा जाता है, बहुत ही जर्जर हालत में थी और इस सड़कसे गुजरने में ग्रामीण व शहरी क्षेत्र के लोगों को बहुत परेशानियों का सामना करना पड़ता था, मैंने अपने कार्यकाल में इस पूरी सड़क को सीमेंटिंड बनवाया ताकि मेरे शहरी क्षेत्र के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्र के निवासियों को असुविधा का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि उनके दिल में क्षेत्र को सीवरमुक्त बनाने के साथ-साथ सुंदर बनाने की अनेकों परियोजनाएं थी, लेकिन 2019 में यहां से कांग्रेस का विधायक चुना गया, जिसने पांच सालों में इस क्षेत्र को विकास के मामले में कोसों पीछे छोड़ दिया। आज क्षेत्र की बदहाली देखकर उन्हें बहुत दुख होता है और क्षेत्र की छत्तीस बिरादरी के आह्वान पर ही वह इस चुनावी समर में उतरे है और उन्हें विश्वास है कि जनता उन्हें फिर से यहां से विधायक चुनकर भेजेगी ताकि वह इस विधानसभा का समुचित विकास करवा सके।

श्री भड़ाना अपने जनसंपर्क अभियान के तहत नया गांव, गोठड़ा मोहबताबाद, पावटा, पाखल, साठ फीट रोड, जवाहर कालोनी, कपड़ा कालोनी, संजय कालोनी आदि में चुनावी सभाओं को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान लोगों ने उनका फूल मालाओं से भव्य स्वागत किया और एक स्वर में उनके पक्ष में हुंकार भरते हुए उन्हें विजयी बनाने का आर्शीवाद दिया। नगेंद्र भड़ाना ने कहा कि एनआईटी क्षेत्र उनका परिवार है और इस परिवार की वह लायक बेटे की तरह सेवा करेंगे। क्षेत्र को सीवरमुक्त बनाना, जलभराव से मुक्ति, पीने का पानी घर-घर पहुंचाना, पढ़े लिखे युवाओं को रोजगार दिलवाना, सड़कों का नवीनीकरण करवाना उनकी प्राथमिकता में शुमार है और जनता के आर्शीवाद से वह एनआईटी क्षेत्र को सबसे सुंदर और विकसित विधानसभा बनाने में कोई कोर कसर बाकि नहीं छोड़ेंगे। उन्होंने कहा कि आपके द्वारा दिया गया एक-एक वोट मुझे मजबूती प्रदान करेगा और एनआईटी क्षेत्र के विकास के द्वार खोलेगा, इसलिए आगामी पांच अक्टूबर को 'चश्मे' के निशान वाला बटन दबाकर मुझे विजयी बनाने का काम करे।

# रविंद्र फौजदार को मिल रहा है लोगों का अपार जन समर्थन



**समाचार गेट/सुमित गोयल**

**फरीदाबाद।** बल्लभगढ़ से आम आदमी पार्टी प्रत्याशी रविन्द्र फौजदार को भाटिया कॉलोनी और आस पास के लोगो ने आयोजित कार्यक्रम में पुर्ण समर्थन देने की बात कही । फौजदार ने कहा कि क्षेत्र के लोगों ने पिछले 10 सालों में बहुत फजीलत उठाई है क्षेत्र के विधायक ने लोगों के बीच कभी कदम नहीं रखा और वह अपने स्वार्थ को पूरा करने में लगे रहे लेकिन अब बदलाव की बयार है लोगों के आशीर्वाद से वह विधायक बनकर क्षेत्र के विकास के लिए कार्य करेंगे और हमेशा लोगों के बीच में रहेंगे कभी किसी को शिकायत का मौका नहीं मिलेगा उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी सिर्फ घोषणा नहीं करती है उन्हें करके भी दिखाती है दिल्ली और पंजाब में जैसे लोगों को सरकार की नीतियों से लाभ मिल रहा है ऐसे ही हरियाणा में भी लोगो को लाभ मिलेगा ।

लोगों के प्यार और आशीर्वाद से गद गद रविंद्र फौजदार ने कहा कि आप का बेटा और भाई बनकर वह हमेशा आपके बीच में रहेंगे और बेहतर कार्य करके दिखाएंगे कभी किसी को कोई शिकायत का मौका नहीं मिलेगा ।

वह अच्छा कार्य करके दिखाएंगे क्षेत्र के लोगों को भी गर्व होगा । भाटिया कॉलोनी, हरी बिहार, साईं वाटिका व सेक्टर 63 मे आयोजित जनसभाओं मे लोगो ने रविंद्र फौजदार को समर्थन देते हुए चुनाव जिता कर विधान सभा भेजने की की बात कही।

## पुलिस ने बागोत-सिहोर मार्ग पर बाजरे के खेत से बरामद की अवैध शराब

**कनीना सुनील दीक्षित**

कनीना सदर थाना पुलिस टीम ने अवैध रूप से शराब बेचने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। जिसकी पहचान वासुदेव उर्फ वासु निवासी रामलवास, थाना झोझुकला, जिला चरखी दादरी के रूप में हुई है। थाना इंचार्ज निरीक्षक मुकेश कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना पर पुलिस टीम ने बाघोत-सिहोर रोड पर छापेमारी की जहां एक नौजवान लडका शराब बेच रहा था। पुलिस टीम को देखकर युवक ने भागने की कोशिश की। जिसे काबू कर उसके पास मिली गत्ता पेटी को चेक किया तो उसमें अंग्रेजी शराब की 12 बोतल मिली तथा बाजरे के खेत मे आस-पास जांच की तो दो पेटियों से 24 बोतल अंग्रेजी शराब, तीन पेटियों से देसी शराब की 27 बोतल, 27 पव्वा, 87 अध्धा देसी शराब बरामद हुई। युवक ने पुलिस को बताया कि सम्मे पहलवान वासी बाघोत के कहने पर वह बेच रहा है और पकडी गई शराब उसी की है। आरोपी युवक की तलाशी लेने पर उसके पास से बेची हुई शराब के 14,120 रुपये भी बरामद हुए, जिनको पुलिस ने जब्त कर लिया। थाना ईंचार्ज ने बताया कि पुलिस अधीक्षक अर्श वर्मा के निर्देशानुसार विधानसभा चुनाव को लेकर अवैध रूप से नशे का कारोबार करने वाले तत्वों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।

## खरकडा बास में अधेड व्यक्ति ने फांसी लगाकर की आत्म हत्या, 4 नामजद

**कनीना सुनील दीक्षित**

कनीना खंड के गांव खरकडा बास में एक अधेड आयु के व्यक्ति ने फांसी लगाकर आत्म हत्या कर ली। मंगलवार सुबह घूमने निकले ग्रामीणों ने गांव के जलघर के समीप पेड पर लटके शव देखा तो सरपंच व पुलिस को सूचित किया। जिन्होंने मौके पर पंहुच कर शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त की। मृतक व्यक्ति की पहचान 46 वर्षीय बलबीर वासी खरकडा बास के रूप में हुई। जिसने सफेद कपडे से पेड पर फंदा लगा लगाया हुआ था। परिजनों ने गांव के ही 4 व्यक्तियों के खिलाफ बलबीर को आत्म हत्या के लिए मजबूर करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने परिजनों की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर उप नागरिक अस्पताल महेद्रगढ में शव का पंचनामा करवाकर परिजनों को सौंप दिया। पुलिस के अनुसंधान अधिकारी किशोर कुमार ने बताया कि परिजनों की शिकायत पर आत्म हत्या का दबाव बनाने वाले व्यक्तियों के विरूध केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

## करनाल में युवक पर जानलेवा हमला : तेजधार हथियारों किए वार, गहने व नकदी लूटने का आरोप

करनाल । करनाल जिले के ढाकवाला गुजरान गांव में एक युवक पर कुछ युवकों ने लाठी डंडों और तेजधार हथियारों से जानलेवा हमला कर दिया। हमले में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। पीड़ित युवक ने आरोप लगाया कि हमलावरों ने उसका मोबाइल, सोने की चेन, कान की बाली और 5 हजार रुपए की नकदी लूट ली। घायल अवस्था में युवक को अस्पताल में भर्ती करवाया गया। जहां पर उसका उपचार हुआ। उपचार के बाद पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस से की। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

**आधी रात की घटना:** जानकारी के मुताबिक गांव ढाकवाला निवासी रोहित पर सोमवार रात 12-13 युवकों ने हथियारों से हमला कर दिया। पीड़ित रोहित बताया गया है कि वह रात में 11:30 से 12:00 बजे के बीच गांव के पास एक चौराहे पर घुमने निकला था। इसी दौरान 3 बाइक और एक एक्टिवा पर सवार बदमाशों ने उसे घेर लिया और उससे जबरन मोबाइल फोन, 2 तोले की सोने की चेन, कान की बाली और जेब में रखे 5 हजार रुपए लूट लिए। जब रोहित ने इसका विरोध किया तो उस पर प्लास, पेचकस और देसी कट्टे से हमला कर दिया।

## यमुनानगर में नहीं थम रहे लड़कियों के साथ अपराध, रेप और हत्या के बाद अब नाबालिगों से छेड़छाड़

यमुनानगर । यमुनानगर में हैवानियत के बाद अब छेड़खानी से इंसानियत शर्मसार हुई है। 18 और 20 सितंबर को 5 साल की दो मासूम बच्चियों से रेप और मर्डर के बाद माता-पिता इतने सहमे हैं कि वह घर से बाहर बच्चों को महफूज नहीं मान रहे हैं। अब प्रतापनगर इलाके में 7 नाबालिग स्कूली लड़कियों से छेड़छाड़ के मामले ने अब नया तूल पकड़ लिया है। पीड़ित परिजनों का आरोप है कि ग्रुप में जाने वाली लडकियों से पिछले कई महीने से एक लड़का शारीरिक छेड़छाड़ करता था। डर की वजह से लड़कियों ने घर पर कभी यह बात नहीं बताई, लेकिन बात ज्यादा ही बढ़ गई तो डरी सहमी लडकियों ने अपने परिजनों को पूरा मामला बताया। इसके बाद परिजनों ने कहा कि अगर ऐसा कुछ होता है तो हमें तुरंत फोन करें। इसके बाद लड़की ने फोन किया तो लड़के को परिजनों ने मौके पर ही दबोच लिया और उसकी जमकर पिटाई की, जिसके बाद पुलिस को सौंप दिया।

**आक्रोषित परिजनों ने थाने के पास जाम लगाकर की नारेबाजी**

परिजनों का कहना है कि लड़का उन्हें छेड़ता था और उन्हें डर दिखाकर कई महीने से छेड़छाड़ भी कर रहा था। आक्रोषित परिजन यही नहीं रुके उन्होंने प्रतापनगर थाने के पास नेशनल हाईवे को जाम कर दिया और थाने के अंदर जाकर जमकर नारेबाजी भी की। मौके पर डीएसपी समेत तमाम पुलिस के अधिकारी पहुंचे और प्रदर्शनकारी को समझा बुझाकर जाम खुलवाया।

## सड़क के बीच में ट्रैक्टर ट्राली रोक कर यातायात बाधित करने के आरोप में चालक के खिलाफ केस दर्ज

**कनीना :** कनीना बस स्टैंड के नजदीक ट्रैक्टर-ट्राली रोड के बीच में खड़ा कर यातायात बाधित करने के आरोप में पुलिस ने ट्रैक्टर चालक के विरुद्ध केस दर्ज किया है' सिटी थाना इंचार्ज रतन सिंह ने बताया कि ट्रैक्टर चालक सड़क के बीच में ट्रैक्टर बंद कर आराम से बैठा हुआ था, जिससे यातायात अवरुद्ध हो रहा था' पुलिस ने यातायात बाधित करने के आरोप में आरोपी ट्रैक्टर चालक संदीप कुमार निवासी गोला हेड़ा, मुंडावर राजस्थान के खिलाफ बीएस की धारा के तहत केस दर्ज वाहन को कब्जे में ले लिया'

## बाइक एसेसरीज की दुकान का ताला तोड़कर लाखों रुपए का कीमती सामान चोरी

**कनीना**

कनीना में संचालित बाइक एसेसरीज की दुकान से अज्ञात चोर लाखों रुपए कीमत का सामान चोरी कर ले गए' इस बारे में विक्की निवासी बाघोत ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसने कनीना बस स्टैंड के समीप बाइक एसेसरीज की दुकान की हुई है' रोजमर्रा की भांति वह दुकान को बंद करके गया था, 21 सितंबर को उसके पड़ोसी ने दुकान का ताला टूटे हुए की सूचना दी' आकर देखा तो दुकान से प्रिंटर, फ्लेक्सी मशीन, कंप्यूटर, एलॉय व्हील तथा एसेसरीज का अन्य सामान गायब मिला' सूचना मिलने पर पुलिस ने मौका-मुआयना कर छानबीन की' पुलिस ने विक्की की शिकायत पर अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है'

# रेवाड़ी में डबल स्टैक कंटेनर और दो ट्रेन वाला एशिया का पहला टनल बनकर तैयार

**रेवाड़ी ।** डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर (डीएफसी) के अंतर्गत हरियाणा के रेवाड़ी में एक किलोमीटर लंबा टनल बनाया गया है। इस टनल को डबल स्टैक कंटेनर और डबल ट्रेन की फैसिलिटी के साथ बनाया गया है, जो इसको एशिया का पहला ऐसा टनल बनाता है। टनल को लेकर रेवाड़ी दादरी सेक्टर डिप्टी प्रोजेक्ट मैनेजर वाईपी शर्मा और डीएफसीसीआईएल कम्युनिकेशन कॉरपोरेट के उप महाप्रबंधक चित्रेश जोशी ने सोमवार को आईएएनएस से बात की।

डिप्टी प्रोजेक्ट मैनेजर वाईपी शर्मा ने बताया कि यह हमारा डबल स्टैक कंटेनर और डबल ट्रेन के लिए एक किलोमीटर लंबा टनल है, इस तरह का ये एशिया का पहला टनल है। इसको बनाने में दो वर्ष का समय और करीब 900 से 1,000 करोड़ रुपए की लागत लगी है। टनल के पीछे साढ़े छह किलोमीटर का डीप कट है और उसकी गहराई 30 से 35 मीटर है। उन्होंने आगे बताया कि टनल को बनाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। आजकल कई अलग तरीके की टेक्निक आ रही है, जिससे उतनी परेशानी नहीं होती। लेकिन यहां पर आस-पास लोग रहते हैं, जिसके कारण हमने कंट्रोल ब्लास्टिंग करने का काम किया।

डीएफसीसीआईएल कम्युनिकेशन कॉरपोरेट के उप महाप्रबंधक चित्रेश जोशी ने डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर को लेकर बताया कि यह एक विशेष कॉरिडोर है, जो सिर्फ मालगाड़ियों के लिए बनाया गया है। 2,843 किलोमीटर लंबाई के दो कॉरिडोर हैं। एक पूर्वी कॉरिडोर है, जो लुधियाना के पास साहनेवाल से शुरू होकर के बिहार के सोननगर तक जाता है। दूसरा पश्चिमी कॉरिडोर है जो दादरी से शुरू होकर के मुंबई तक जाता है। 2,843 में से 2,741 किलोमीटर कॉरिडोर का काम पूरा हो चुका है, जो प्रोजेक्ट का 96.4 प्रतिशत है। अगले साल ये प्रोजेक्ट पूरा हो जाएगा।



## असमय तथा टुकडों में किए जा रहे नाला निर्माण से बनी अव्यवस्था, चुनावी सरगर्मियां बढने से बने सडक जाम के हालात

**कनीना सुनील दीक्षित**

कनीना में असमय किए जा रहे नाले निर्माण को लेकर चंहुओर परेशानी का आलम बना हुआ है। टुकडों में कछुआ गति से नाले का निर्माण कार्य किया जा रहा है तो दूसरी ओर आगामी 5 अक्टूबर को होने वाले विधान सभा चुनावों को लेकर राजनीतिक सरगर्मियां तेजी से बढती जा रही हैं। चुनावी प्रचार वाहन तथा राजनेताओं के वाहन ईधर-उधर आने-जाने पर नाला निर्माण कार्य के चलते सडक जाम के हालात पैदा हो रहे हैं। प्रबुधजनों अधिवक्ता मनोज कुमार, वीरेंद्र बोस, सत्यवीर सिंह का कहना है कि लोकनिर्माण विभाग की ओर से असमय नाले का निर्माण कार्य शुरू किया है जबकि ये कार्य बारिश से पहले पूरा किया जाना चा-



हए था। नाला निर्माण एवं बारिश के चलते कनीना में सडक मार्ग का बुरा हाल हुआ पडा है। आनन-फानन में नॉर्मस को ताक पर रखकर बिना तकनीकी व्यक्ति की उपस्थिति में बिना लेवल के आडा-तिरछा नाला बनाया जा रहा है। फिलिंग स्टेशनों के सामने रास्ता खुदाई करने पर वाहनों को तेल डलवाने में दिक्कत आ रही है, सब डिवीजनल कोर्ट गेट अवरूध होने से लॉयर्स व क्लाइंट के आने-जाने में व्यवधान उत्पन्न हो गया है। इसी प्रकार गाहडा मोड के समीप नाले की खुदाई करने से यातायात व्यवस्था फेल हो रही है। उन्होंने नाले निर्माण में प्रयुक्त की जा रही सामग्री पर भी सवाल खडे कर सरकारी सरकारी राशि को खुर्द-बुर्द करने के आरोप लगाए हैं।

वर्सन एसडीओ लोक निर्माण विभाग के एसडीओ जितेंद्र शर्मा ने बताया कि इस नाले का बजट कनीना-महेंद्रगढ सडक मार्ग के बजट में शामिल था। उन्हाणी से लेकर रेवाडी मोड टी-प्वाईंट तक सडक के दोनों ओर नाले का निर्माण कार्य किया जाना है। उसके बाद जन स्वास्थ विभाग के अधिकारी कोटिया वाली सीवरेज लाईन में कनेक्सन करेगें। उन्होंने बताया कि नाला निर्माण करते समय कर्मचारी यातायात व्यवस्था का ध्यान रखेगें तथा रास्ते का क्रासिंग अवकाश वाले दिन खुदाई कर उसे शीघ्रता से पूरा करेगें। भीडभाड को देखते हुए नाले का बाकी कार्य चुनाव के बाद पूरा किया जाएगा।

## हरियाणा पराली जलाने में देश में तीसरे स्थान पर, सेटेलाइट से जुटाया गया आकंडा



**कैथल ।** पराली जलाने की समस्या से निजात पाने के लिए केंद्र और राज्य स्तर पर प्रयास जारी हैं। लेकिन इसमें उम्मीद के मुताबिक सफलता नहीं मिल पा रही है। कंसोर्टियम फॉर रिसर्च ऑन एग्रो इकोसिस्टम मॉनिटरिंग एंड मॉडलिंग फ्रॉम स्पेस (क्रीम्स) ने पराली से जुड़ी एक रिपोर्ट जारी की है। इस रिपोर्ट के अनुसार, 6 राज्यों के 255 जिलों में वर्ष 2019 से 2023 तक पिछले 5 वर्षों में 3,87,946 फसल अवशेष जलाने के मामले दर्ज किए हैं। पराली जलाने के मामले में हरियाणा (46,545) इन राज्यों में 3 स्थान पर रहा है। पहले स्थान पर पंजाब (2,91,629) है। वहीं दूसरे स्थान पर मध्य प्रदेश (46,545) है। देश भर में फसल अवशेष जलाने के कुल मामलों में 75 प्रतिशत से अधिक घटनाएं पंजाब में हुई हैं।

**सेटेलाइट से जुटाया गया आंकड़ा**

इनके अलावा यू.पी. में 20,114, राजस्थान में 6,149 और दिल्ली में 28 पराली जलाने की घटनाएं हुई हैं। बता दें कि हर साल 15 सितंबर से 30 नवंबर तक उपग्रह डेटा का उपयोग करके क्रीम्स द्वारा फसल अवशेष जलाने के आंकड़े को जुटाया गया है। पंजाब में वर्ष 2019 में 50,738, वर्ष 2020 में 83,002, वर्ष 2021 में 71,304, वर्ष 2022 में 49,922 और वर्ष 2023 में सबसे कम 36,663 पराली जलाने के मामले दर्ज किए गए। इसी तरह हरियाणा में साल 2019 में 6,328, वर्ष 2020 में 4,202, वर्ष 2021 में 6,987, वर्ष 2022 में 3,661 और वर्ष 2023 में 2,303 मामले दर्ज किए गए। एम.पी. में वर्ष 2020 में 14,148, वर्ष 2021 में 8,160, वर्ष 2022 में 11,737 और वर्ष 2023 में 12,500 मामले दर्ज किए गए। ऐसे ही यू.पी. में साल 2019 में 4,218, वर्ष 2020 में 4,631, वर्ष 2021 में 4,242, साल 2022 में 3,027 और वर्ष 2023 में 3,996 मामले दर्ज किए गए। राजस्थान में साल 2020 में 1,756, साल 2021 में 1,350, वर्ष 2022 में 1,268 और वर्ष 2023 में 1,775 मामले दर्ज किए गए।

**बनती हैं जहरीली गैसे**

1 टन धान की फसल के अवशेष जलाने से 3 किलोग्राम कणिका तत्व (पर्टिकुलेट मैटर), 60 किलोग्राम कार्बन मोनो आक्साइड, 1460 किलोग्राम कार्बन डाई आक्साइड, 199 किलोग्राम राख एवं दो किलोग्राम सल्फर डाई आक्साइड अवमुक्त होता है। इन गैसों से सामान्य वायु की गुणवत्ता में कमी आती है। इससे आंखों में जलन एवं त्वचा रोग होते हैं। वहीं कणिका तत्वों के कारण हृदय व फेफड़ों की बीमारी होती है।

## ग्रामीण सफाई कर्मचारियों को नहीं मिला पिछले 5 महिने से वेतन, ज्ञापन सौंपा

**कनीना सुनील दीक्षित**

कनीना खंड के विभिन्न गावों में कार्यरत ग्रामीण सफाई कर्मचारियों को पिछले 5 महिने से वेतन नहीं मिलने के कारण उन्होंने बीडीपीओ के नाम का ज्ञापन एसईपीओ को सौंप कर वेतन दिलाने की मांग की। एकत्रित हुए सफाई कर्मचारियों की ओर से दिए ज्ञापन में कहा गया कि लंबे समय से वेतन नहीं मिलने के कारण उन्हें आर्थिक तंगी का सामना करना पड रहा है। इस बारे में उन्होंने नगराधीश नारनौल से भी मुलाकात की थी। जिन्होंने



बीडीपीओ कनीना से दूरभाष पर संपर्क कर जल्द ही वेतन जारी करने को कहा था। उसके बाद भी वेतन नहीं मिला। इस बारे में खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी कार्यालय में कार्यरत एसईपीओ कृष्ण लाल ने बताया कि कार्यालय में लेखाकार न होने के चलते कर्मचारियों का वेतन समय पर नहीं दिया जा सका। एक महिने के वेतन का बजट उनके पास उपलब्ध है। जिसे शीघ्र ही उनके खाते में डाल दिया जाएगा। बचा हुआ वेतन चुनाव होने के बाद बजट आने पर जारी किया जाएगा। इस मौके पर ग्रामीण सफाई कर्मचारी पवन, हंसराज, महेश, संजय, अग्रसेन, भूपसिंह, मोनु, कप्तान सिंह, बबली, गीता, राकेश, सुंदर, सोनु, मूलचंद, अनिल, दयारा, राजेंद्र, शिवकुमार, मुकेश कुमार उपस्थित थे।

## अंबाला में कांग्रेस को लगा बड़ा झटका, भूपेंद्र हुड्डा की रैली के बाद 2 पार्षद पार्टी छोड़कर बीजेपी में हुए शामिल

**अंबाला ।** अंबाला शहर में भूपेंद्र सिंह हुड्डा व उदयभान की रैली के बाद देर शाम कांग्रेस पार्टी को तगड़ा झटका लगा। कांग्रेस के दो पार्षद मुख्यमंत्री नायब सैनी और असीम गोयल की नीतियों से प्रभावित होकर भाजपा में शामिल हो गए।

बता दें कि वार्ड-एक के पार्षद जसबीर सिंह और वार्ड-19 के पार्षद राकेश सिंगला कांग्रेस के हाथ का साथ छोड़कर भाजपा के कमल का दामन थाम लिया। दोनों ही पार्षदों का भाजपा में असीम गोयल और जिलाध्यक्ष मनदीपराणा ने पार्टी का पटका पहनाकर स्वागत किया। भाजपा प्रत्याशी असीम गोयल ने कहा कि भाजपा, नरेंद्र मोदी की नीतियों और मुख्यमंत्री नायब सैनी की कार्यशैली से प्रभावित होकर दोनों पार्षद आज भाजपा परिवार में शामिल हुए हैं।



दोनों ही पार्षदों के आने से भाजपा को मजबूती मिली है। भाजपा में शामिल होने के बाद पार्षद जसबीर सिंह ने बताया कि वह अब भाजपा के लिए दिन-रात एक करके काम करेंगे। तीसरी बार अम्बाला शहर में बीजेपी की जीत सुनिश्चित करेंगे। पार्षद राकेश सिंगला का कहना है कि कांग्रेस पार्टी में वे असहज महसूस कर रहे थे। उन्हें सोमवार को शहर में हुई कांग्रेस पार्टी की रैली के लिए भी न्योता नहीं दिया गया।

## कांग्रेस ने राजेश जून की सदस्यता 6 वर्ष के लिए की रद्द, केसी वेणुगोपाल का एक्शन बागियों पर जारी

बहादुरगढ : हरियाणा में कांग्रेस बागी नेताओं पर कार्रवाई करना शुरु कर दिया है। बीते दिनों पार्टी लाइन से अलग जाकर निर्दलीय चुनाव लड़ रही चित्रा सरवारा की सदस्यता रद्द कर दी थी। वहीं अब बहादुरगढ से निर्दलीय चुनाव लड रहे राजेश जून की भी सदस्यता कांग्रेस ने छीन ली है। कांग्रेस संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल द्वारा सदस्यता रद्द करने वाले जारी लेटर में लिखा है कि पार्टी के खिलाफ गतिविधियों में शामिल होने के कारण जून पर एक्शन लिया गया है। उन्हें 6 वर्ष के लिए पार्टी से बर्खास्त कर दिया गया है। बता दें कि चित्रा सरवारा और राजेश को जून दोनों को 6 साल के लिए पार्टी से निकाला गया है। दोनों ही नेता टिकट के लिए दावेदार थे, लेकिन न मिलने के कारण इन्होंने आजाद उम्मीदवार के तौर पर चुनाव लड़ने का फैसला किया है।

# हरियाणा को नहीं मिली अभी तक कोई महिला सीएम, सिर्फ 87 महिलाएं पहुंची विधानसभा

**गुरुग्राम ।** हरियाणा चुनाव में अभी तक पुरुषों का ही दबदबा कायम रहा है और इस बार भी विधानसभा चुनाव में सिर्फ 51 महिला उम्मीदवार मैदान में हैं। प्रमुख राजनीतिक दलों ने जिन महिला उम्मीदवारों को चुनाव मैदान में उतारा है, उनमें से अधिकतर का तो राजनीतिक परिवार से नाता है या फिर वे कोई चर्चित चेहरा हैं। हरियाणा के 1966 में पंजाब से अलग होकर राज्य बनने के बाद से विधानसभा में अभी तक केवल 87 महिलाएं चुन कर पहुंची हैं।

हरियाणा अपने खराब लैंगिक अनुपात के लिए हमेशा चर्चा में रहा है और यहां अभी तक कभी कोई महिला मुख्यमंत्री नहीं बनी है। उम्मीदवारों की सुधी पर गौर करने से पता चलता है कि मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस ने सबसे अधिक 12 महिला उम्मीदवारों को मैदान में उतारा है। इसके बाद गठबंधन में चुनाव लड़ रहे भारतीय राष्ट्रीय लोकदल (इनेलो) और बहुजन समाज पार्टी (बसपा) ने संयुक्त रूप से 11 महिला उम्मीदवारों, जबकि सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने 10 महिला उम्मीदवारों का टिकट दिया है। जननायक जनता पार्टी (जजपा) और आजाद समाज पार्टी (आसपा) का गठबंधन ने केवल आठ पर महिला उम्मीदवारों को टिकट दिया है। आम आदमी पार्टी (आप) की 90 उम्मीदवारों की सूची में 10 महिलाएं शामिल हैं। हरियाणा विधानसभा के रिकॉर्ड के अनुसार, वर्ष 2000 से अभी तक हुए 5 विधानसभा चुनाव में कुल 47 महिलाएं राज्य में विधायक चुनी गईं।

**लैंगिक अनुपात के लिए बदनाम है हरियाणा**

हरियाणा अपने विषम लैंगिक अनुपात के लिए बदनाम है। वर्ष 2023 में यहां प्रति 1,000 लड़कों पर 916 लड़कियां थीं। वर्ष 2019 के चुनाव में 104 महिला उम्मीदवार मैदान में थी, जिनमें निर्दलीय उम्मीदवार भी शामिल हैं। वर्ष 2014 के चुनाव में सबसे अधिक 116 महिला उम्मीदवार मैदान में थीं जिनमें से 13 ने जीत दर्ज की थी। 2019 के चुनाव में यह संख्या घटकर 9 रह गई। हरियाणा की 90 सदस्यीय विधानसभा के लिए मतदान पांच अक्टूबर को होगा। परिणाम आठ अक्टूबर को घोषित किए जाएंगे। संसद और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं को 33




प्रतिशत आरक्षण की अनुमति देने वाला विधेयक पारित हो गया, लेकिन इसे लागू 2029 में किया जाएगा जो महिलाओं के साथ मजाक ही है।




कुवैत में एक मॉडल ऑटो वर्ल्ड शो में बीवाईडी सील कार को पेश करती हुई।

# इंटर्नशिप के आवेदन की छंटाई एआई के जरिए होगी

## - अक्टूबर के मध्य से शुरू होगी आवेदन प्रक्रिया

**नई दिल्ली ।**

कंपनी मामलों के मंत्रालय द्वारा चलाई जा रही इंटर्नशिप योजना के लिए आवेदन प्रक्रिया अक्टूबर के मध्य से शुरू हो सकती है। जानकारी रखने वाले सूत्रों ने बताया कि पहले चरण में आर्टिफिशल इंटेलिजेंस (एआई) के जरिये योजना के पात्र उम्मीदवारों को छांटा जाएगा। इसके बाद तटस्थ समिति आवेदकों का चयन करेगी और फिर कंपनियां उस सूची में से अपने यहां इंटर्नशिप कराने के लिए आवेदक चुन सकती हैं। समिति में सरकार और उद्योग के प्रतिनिधि शामिल होंगे। सूत्रों ने कहा कि योजना के तहत आवेदनों की संख्या देखकर फैसला किया जाएगा कि इस तरह की एक ही समिति बनाई जाए या कई समितियां गठित की जाएं। कंपनी मामलों का मंत्रालय पिछले तीन साल के दौरान कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर) मद में कंपनियों द्वारा किए गए खर्च के आधार पर शीर्ष 500 कंपनियों की सूची को अंतिम रूप देने में जुटा है। कंपनियां अपनी मर्जी से इस योजना में शामिल हो सकती हैं। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 23 जुलाई को पेश आम बजट में इंटर्नशिप योजना की घोषणा की थी। इसका उद्देश्य रोजगार को बढ़ावा देना है। कंपनी मामलों का मंत्रालय इस योजना के लिए सितंबर के अंत तक पोर्टल शुरू कर सकता है। इस बारे में जानकारी के कंपनी मामलों के मंत्रालय को ईमेल भेजा गया मगर उसका अभी तक जवाब नहीं आया।



# सैमसंग में हड़ताल विनिर्माण के लिए खतरा

## एक दशक पहले के नोकिया के श्रीपेरंबुदूर संयंत्र के बंद होने जैसी हो सकती है स्थिति

**नई दिल्ली ।**

सैमसंग के श्रीपेरंबुदूर संयंत्र में यदि श्रमिकों की हड़ताल जल्द समाप्त नहीं होती है तो भारत के लिए वैश्विक विनिर्माण महाशक्ति बनने की अपनी चाहत में महत्त्वपूर्ण जमीन खोने का खतरा हो सकता है। दिल्ली स्थित ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) ने यह अनुमान जताया। अगर तमिलनाडु सरकार शीघ्र हस्तक्षेप नहीं करती है तो स्थिति एक दशक पहले के नोकिया के श्रीपेरंबुदूर संयंत्र के बंद होने जैसी हो सकती है। इसका परिणाम यह होगा कि नौकरियां समाप्त होंगी और विनिर्माण क्षेत्र में चीन का दबदबा बढ़ेगा। उद्योग मंत्रालय के एक पूर्व अधिकारी की रिपोर्ट के अनुसार भारत को औद्योगिक खुफिया इकाई स्थापित करनी चाहिए ताकि यह पता लग सकें कि इस तरह की बाधाएं किसी विदेशी प्रभाव के कारण तो नहीं खड़ी हो रही हैं। सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स की चेन्नई के करीब स्थित श्रीपेरंबुदुर में विनिर्माण इकाई में उत्पादन सितंबर की शुरुआत से ही प्रभावित है। इसका कारण यह है कि इस इकाई के सैकड़ों श्रमिक वेतन बढ़ाने, कार्य के घंटे कम करने सहित अन्य मुद्दों की मांग को लेकर सितंबर की शुरुआत से ही हड़ताल पर हैं। रिपोर्ट के अनुसार यह हड़ताल सैमसंग तक सीमित नहीं रह गई है। सेंटर ऑफ इंडियन ट्रेड यूनियन्स (सीटू) इस क्षेत्र में अन्य प्रमुख विनिर्माण इकाइयों में अपनी पहचान बढ़ाने का प्रयास कर रहा है। सीटू क्षेत्र की फॉक्सकॉन, फ्लेक्स और सैनमिना इकाइयों में अपनी पकड़ बढ़ाने की कोशिश कर रहा है। यदि इस वामपंथी संगठन पर नजर नहीं रखी गई तो तमिलनाडु का इलेक्ट्रॉनिकी विनिर्माण क्षेत्र बुरी तरह प्रभावित हो सकता है। इससे संभवतः व्यापक तौर पर भारत का विनिर्माण उद्योग प्रभावित होगा। इसके अलावा विदेशी निवेशक सैमसंग की स्थिति पर करीबी नजर रख रहे हैं। विदेशी निवेशक श्रमिक समस्या लंबे समय तक जारी रहने की स्थिति में भारत में अपनी योजनाओं पर पुनर्विचार कर सकते हैं। भारत अभी दक्षिण कोरिया और दक्षिण पूर्व एशियाई राष्ट्रों के संगठन (आसियान) से कारोबारी समझौतों की समीक्षा कर रहा है। हड़ताल के कारण जारी स्थिति बिगड़ने की स्थिति में इन बातचीत पर भी असर पड़ सकता है।

# यूपी और बिहार में सस्ता हुआ पेट्रोल-डीजल




**नई दिल्ली ।**

कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट का असर अब पेट्रोल-डीजल की खुदरा कीमतों पर भी दिखने लगा है। सरकारी तेल कंपनियों की ओर से मंगलवार सुबह जारी खुदरा भाव में काफी बदलाव दिख रहा है। मंगलवार को ज्यादातर शहरों में तेल के दाम गिरे हैं और कुछ जगह तो पेट्रोल 1 रुपये तक सस्ता हो गया है। वैश्विक बाजार में अभी ब्रेंट क्रूड का भाव 74 डॉलर प्रति बैरल चल रहा है। हालांकि दिल्ली-मुंबई जैसे देश के चारों महानगरों में तेल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं दिख रहा। सरकारी तेल कंपनियों की ओर से जारी भाव के अनुसार यूपी के गाजीपुर जिले में पेट्रोल 1.01 रुपये सस्ता होकर 94.84 रुपये लीटर, डीजल भी 1.04 रुपये गिरा और 87.99 रुपये लीटर हो गया है। बिहार की राजधानी पटना में पेट्रोल 88 पैसे सस्ता होकर 105.18 रुपये लीटर हो गया तो डीजल 83 पैसे गिरकर 92.04 रुपये लीटर बिक रहा है। हरियाणा की राजधानी गुरुग्राम में आज पेट्रोल 10 पैसे सस्ता हुआ और 94.84 रुपये लीटर बिक रहा, जबकि डीजल 11 पैसे टूटकर 87.69 रुपये लीटर है। बीते 24 घंटे में इसकी कीमतों में भी मामूली गिरावट दिखी है। वहीं ब्रेंट क्रूड का भाव टूटकर 74 डॉलर प्रति बैरल पहुंच गया है। डब्ल्यूटीआई का भाव भी गिरावट के साथ 70.49 डॉलर प्रति बैरल हो गया है। दिल्ली में पेट्रोल 96.65 रुपये और डीजल 89.82 रुपये प्रति लीटर, मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये और डीजल 94.27 रुपये प्रति लीटर, चेन्नई में पेट्रोल 102.63 रुपये और डीजल 94.24 रुपये प्रति लीटर, कोलकाता में पेट्रोल 106.03 रुपये और डीजल 92.76 रुपये प्रति लीटर है। गाजीपुर में पेट्रोल 94.84 रुपये और डीजल 87.99 रुपये प्रति लीटर हो गया है। पटना में पेट्रोल 105.18 रुपये और डीजल 92.04 रुपये प्रति लीटर हो गया है। गुरुग्राम में पेट्रोल 94.84 रुपये और डीजल 87.69 रुपये प्रति लीटर हो गया है।

# निसान मैग्नाइट की मामूली अपडेट के साथ लॉन्च होने की उम्मीद

**नई दिल्ली ।**

अगले महीने यानि की अक्टूबर में निसान मैग्नाइट फेसलिफ्ट के मामूली अपडेट के साथ लॉन्च होने की उम्मीद है। इस अपडेट का उद्देश्य एसयूवी को और अधिक आकर्षक बनाना है। लॉन्च के बाद से निसान मैग्नाइट में ज्यादा बदलाव नहीं हुए हैं, इसलिए अब यह एक सही समय है जब इस एसयूवी को एक मेकओवर मिल सकता है। हालांकि निसान एक प्रमुख वैश्विक कार ब्रांड है, लेकिन भारतीय पैसेंजर व्हीकल बाजार में इसे ज्यादा सफलता नहीं मिली है। कम बिक्री के कारण निसान को अपनी भारतीय लाइनअप को सीमित करना पड़ा है और अब कंपनी केवल दो मॉडल्स बेचती है - एक कॉम्पैक्ट और किफायती एसयूवी मैग्नाइट और दूसरी प्रीमियम ऑफरिंग एक्स-ट्रैल। इस स्थिति में निसान मैग्नाइट कंपनी के लिए महत्वपूर्ण कार बन गई है, जिसने कंपनी को बाजार में बनाए रखा है। इसी वजह से निसान अब इसका फेसलिफ्ट मॉडल पेश करने की तैयारी कर रहा है, जिसमें कई नई चीजें देखने को मिलेंगी।रिपोर्ट्स के अनुसार, 2024 निसान मैग्नाइट में नए रेडिएटर ग्रिल, फिर से डिजाइन किए गए हेडलैंप, अपडेटेड एलईडी डे-लाइट रनिंग लाइट्स, और नए डिजाइन के फ्रंट और रियर बंपर के रूप में कॉस्मेटिक बदलाव होंगे। इसके अलावा, नई डिज़ाइन के अलॉय व्हील्स और टेललाइट्स भी देखने को मिल सकती हैं। हालांकि, इसके डायमेंशन्स में बदलाव की उम्मीद नहीं है। 2024 निसान मैग्नाइट के इंजन में ज्यादा बदलाव नहीं होंगे। यह मौजूदा मॉडल के इंजन सेट के साथ ही आएगी, जिसमें 1.0-लीटर तीन-सिलेंडर नैचुरली एस्पिरेटेड पेट्रोल इंजन और 1.0-लीटर टर्बोचार्ज्ड पेट्रोल इंजन शामिल हैं। नैचुरली एस्पिरेटेड इंजन 5-स्पीड मैनुअल या 5-स्पीड एएमटी गियरबॉक्स के साथ आता है, जबकि टर्बोचार्ज्ड पेट्रोल मोटर 5-स्पीड मैनुअल और सीवीटी यूनिट ट्रांसमिशन विकल्पों के साथ उपलब्ध है। केबिन के इंटीरियर में भी कुछ स्पोर्टी बदलाव किए जा सकते हैं, हालांकि इसका डिज़ाइन लेआउट पहले जैसा ही रहेगा। 2024 निसान मैग्नाइट का मुकाबला टाटा नेक्सन, मारुति सुजुकी ब्रेजा, हुंडई वेन्यू और महिंद्रा 3एक्सओ जैसी एसयूवी से होगा। इसके अलावा, यह रेनो काइगर, मारुति फ्रॉन्क्स और टाटा पंच से भी टक्कर लेगी। डैशबोर्ड में कुछ बदलाव होने की संभावना है, और इसमें सिंगल-पैन सनरूफ और 6 एयरबैग जैसे फीचर्स भी हो सकते हैं।

# रुपया गिरावट पर बंद



**मुंबई ।** अमेरिकी डॉलर के मुकाबले मंगलवार को रुपया 12 पैसे की गिरावट के साथ ही 83.67 पर बंद हुआ। रुपये ने आज सुबह शुरुआती कारोबार में सीमित दायरे में कारोबार किया और यह तीन पैसे कमजोर होकर 83.57 प्रति डॉलर पर आ गया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों के अनुसार भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के सक्रिय हस्तक्षेप से रुपया एक निश्चित सीमा के भीतर स्थिर बना हुआ है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपये ने शुरुआती कारोबार में सीमित दायरे में कारोबार किया। वह 83.54 प्रति डॉलर पर खुला और शुरुआती सौदों के बाद 83.57 प्रति डॉलर पर लुढ़क गया जो पिछले बंद भाव से तीन पैसे की गिरावट दिखाता है। रुपया सोमवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 83.54 पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दिखाने वाला डॉलर सूचकांक 0.07 फीसदी बढ़त के साथ 100.92 पर रहा।



# देश से रत्न और आभूषण के निर्यात में 18 फीसदी गिरावट

**नई दिल्ली ।** दुनिया भर में कमजोर मांग की वजह से देश से रत्न और आभूषण के निर्यात में गिरावट देखी गई है। आंकड़ों के अनुसार अगस्त 2024 में सालाना आधार पर रत्न-आभूषण निर्यात 18 फीसदी घटकर 2.01 अरब डॉलर रह गया। जबकि अगस्त 2023 में यह 2.47 अरब डॉलर था। रत्न आभूषण निर्यात संवर्धन परिषद के मुताबिक मासिक आधार पर निर्यात में तेजी देखने को मिली है। जुलाई में देश से 1.66 अरब डॉलर मूल्य के रत्न आभूषणों का निर्यात किया गया था। परिषद ने कहा है कि अमेरिका और चीन जैसे बाजारों में निर्यात बढ़ाने के प्रयास करने होंगे।

# एसएंडपी ने भारत का वृद्धि अनुमान 6.8 फीसदी बरकरार रखा

**नयी दिल्ली।** एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने चालू वित्त वर्ष 2024-25 के लिए भारत का वृद्धि अनुमान 6.8 प्रतिशत पर मंगलवार को बरकरार रखा और कहा कि उसे उम्मीद है कि आरबीआई अपनी अक्टूबर की मौद्रिक नीति समीक्षा में ब्याज दरों में कटौती शुरू कर देगा। एशिया प्रशांत के आर्थिक परिदृश्य में एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए जीडीपी वृद्धि दर का अनुमान 6.9 प्रतिशत पर बरकरार रखा है। इसमें कहा गया कि भारत में ठोस वृद्धि से भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) मुद्रास्फीति को अपने लक्ष्य के अनुरूप लाने पर ध्यान केंद्रित कर सकेगा। रेटिंग एजेंसी ने कहा कि भारत में अप्रैल-जून तिमाही में उच्च ब्याज दरों ने शहरी मांग को प्रभावित किया और सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर धीमी रही। हालांकि, यह समूचे वित्त वर्ष 2024-25 के लिए हमारे सकल घरेलू उत्पाद के 6.8 प्रतिशत की दर के अनुमान के अनुरूप है। इससे पिछले वित्त वर्ष 2023-24 में भारतीय अर्थव्यवस्था 8.2 प्रतिशत की दर से बढ़ी थी। एसएंडपी ने कहा कि हमारा परिदृश्य यथावत बना हुआ है। हम उम्मीद करते हैं कि आरबीआई जल्द से जल्द अक्टूबर में दरों में कटौती शुरू कर देगा और चालू वित्त वर्ष में दो बार दरों में कटौती की योजना बनाएगा।




# बाजार रिकार्ड ऊंचाई पर पहुंचने के बाद फिसला , सपाट बंद

**मुम्बई ।**

घरेल शेयर बाजार मंगलवार को सपाट कारोबार हुआ। सप्ताह के दूसरे कारोबारी दिन रिकार्ड ऊंचाई पर पहुंचने के बाद बाजार में ये गिरावट मुनाफावसूली हावी होने से आयी। आज इंट्रा डे कारोबार के दौरान बाजार में जो तेजी थी वो शाम होते हुए निकल गयी। आज कारोबार के दौरान एक समय पर सेंसेक्स 85,163.23 के शीर्ष स्तर जबकि निफ्टी 26 हजार के उपर चला गया पर इसके बाद निवेशकों ने जमकर मुनाफावसूली शुरु कर दी जिससे बाजार नीचे आ गया। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 14.57 अंक करीब 0.02 फीसदी नीचे आकर 84,914.04 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी भी 501.35 अंक तकरीबन 0.01 फीसदी की बढ़त के साथ ही 25,940.40 के स्तर पर बंद हुआ। शेयर बाजार आज भले ही काफी ऊपर आया पर ये तेजी अधिक समय टिक नहीं पायी। इसका एक कारण बैंकिंग सेक्टर के शेयरों में गिरावट भी रही। निफ्टी बैंक आज 0.25 फीसदी गिर गया। इसमें भी निफ्टी पीएसयू ब्रह्रट्ठच के शेयर ओवरऑल 0.86फीसदी और निफ्टी प्राइवेट बैंक के शेयर 0.28 फीसदी नीचे आये। व्यापक बाजार में, स्मॉलकैप इंडेक्स 0.04 फीसदी गिरकर 57,475 पर बंद हुआ, जबकि बीएसई मिडकैप इंडेक्स 0.21 फीसदी बढ़कर 49,621 पर बंद हुआ। वहीं सेक्टोरल इंडेक्स की बात की जाए तो मेटल स्टॉक्स का प्रदर्शन आज सबसे अच्छा रहा। निफ्टी मेटल 2.97फीसदी की बढ़त बनाकर बंद हुआ। इसके अलावा, निफ्टी आईटी (0.61फीसदी), निफ्टी ऑटो (0.43फीसदी), निफ्टी ऑयल एंड गैस (0.38फीसदी), निफ्टी फार्मा (0.23फीसदी) और निफ्टी मीडिया (0.01फीसदी) की बढ़त बनाते हुए बंद हुए। निफ्टी पर बैंकिंग शेयरों के अलावा, एफएमसीजी (0.77फीसदी), रियल्टी (0.30फीसदी), हेल्थकेयर (0.04फीसदी) और कंज्यूमर ड्यूरेबल्स (0.20फीसदी) नीचे आये। निफ्टी के कुल 25 शेयर जबकि, सेंसेक्स के 15 शेयर आज लाभ के साथ बंद हुए। सबसे ज्यादा बढ़त दर्ज करने वाला शेयर टाटा स्टील (4.32फीसदी) रहे। इसके अलावा, हिंडाल्को, पावर ग्रिड, टेक महिंद्रा, अदाणी एंटरप्राइजेज, एचसीएल टेक, ओएनजीसी, महिंद्रा एंड महिंद्रा, बजाज ऑटो, विप्रो और सनफार्मा जैसे स्टॉक्स ने बढ़त बनाई। वहीं, सेंसेक्स पर टाटा स्टील (4.29 फीसदी) टॉप गेनर स्टॉक रहा। इसके अलावा, पावर ग्रिड, टेक महिंद्रा, एचसीएल टेक , महिंद्रा एंड महिंद्रा और जेएसडब्ल्यू टॉप परफॉर्मर रहे।

निफ्टी पर आज सबसे बड़ी गिरावट



एसबीआई लाइफ के शेयरों में देखने को मिली। इसके शेयर 2.78 फीसदी नीचे आकर बंद हुए। वहीं, हिंदुस्तान यूनिलिवर, ग्रासिम, अल्ट्राटेक सीमेंट, श्रीराम फाइनेंस, इंडसइंड बैंक, सिप्ला, हीरो मोटोकॉर्प, एचडीएफसी लाइफ, कोटक महिंद्रा बैंक, नेस्ले इंडिया जैसे स्टॉक्स के शेयर एक फीसदी से ज्यादा गिरे।

वहीं एशियाई बाजारों में, सियोल, टोक्यो, शंघाई और हांगकांग पॉजिटिव सेक्टर में बंद हुए। शंघाई और हांगकांग के बाजार काफी ऊंचे स्तर पर पर बंद हुए। वहीं यूरोपीय बाजार भी ऊपर आये। अमेरिकी बाजार बढ़त के साथ बंद हुए। इससे पहले आज सुबह जब बाजार खुला तो शेयर बाजार में पिछले तीन दिनों से जारी तेजी पर ब्रेक लग गया था। आज सेंसेक्स और निफ्टी दोनों ही गिरावट पर खुले। प्री ओपनिंग सेशन में सेंसेक्स 67.88 अंक 0.080 फीसदी की गिरावट के साथ 84,860.73 के लेवल पर खुला। वहीं, निफ्टी 17.60 अंक 0.068 फीसदी नीचे आकर 25,921.45 के स्तर पर खुला।

# एचडीएफसी बैंक ने एचडीबी फाइनेंशियल के आईपीओ को दी मंजूरी




**मुंबई ।** एचडीएफसी बैंक ने एचडीबी फाइनेंशियल सर्विसेज के आईपीओ को मंजूरी दे दी है, जिसमें कंपनी 2,500 करोड़ रुपए के नए इक्विटी शेयर जारी करेगी। रिपोर्ट्स के मुताबिक इस इश्यू का वैल्यूएशन 7-8 बिलियन डॉलर तक पहुंच सकता है और यह दिसंबर तक सूचीबद्ध हो सकता है। एचडीबी फाइनेंशियल सर्विसेज एक प्रमुख गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी है, जो रिटेल और कॉरपोरेट सेक्टर में सिक्योर्ड और अनसिक्योर्ड लोन की विभिन्न श्रेणियों में सेवाएं प्रदान करती है। आईपीओ के लिए भारतीय रिजर्व बैंक की मंजूरी जरूरी है, खासकर अक्टूबर 2022 के सर्कुलर के बाद, जब इसे अपर लेयर एनबीएफसी कैटेगरी में रखा गया था। एचडीएफसी बैंक की एचडीबी फाइनेंशियल सर्विसेज में 94.64 फीसदी हिस्सेदारी है। फिलहाल, आईपीओ के लिए बैंकरों का चयन किया जा रहा है। इसमें मॉर्गन स्टेनली, बैंक ऑफ अमेरिका, नोमुरा, आईसीआईसीआई सिक्योरिटीज, एक्सिस कैपिटल और आईआईएफएल जैसी प्रमुख फर्मों को शामिल किया जा रहा है।

# गोवा में मंत्रियों की बैठक में होगी जीएसटी दरों की समीक्षा

**नई दिल्ली ।** बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की अध्यक्षता में छह सदस्यीय मंत्रियों का समूह गोवा में मंगलवार और बुधवार को जीएसटी दरों की समीक्षा करेगा। उर्वरक, हैंडलूम और टेक्सटाइल सहित 100 से अधिक उत्पादों पर कर दरों को लेकर चर्चा की जाएगी। इस पैनल की सिफारिशें नवंबर में होने वाली 55वीं वस्तु एवं सेवा कर काउंसिल की बैठक में पेश की जाएंगी। बैठक में रियल एस्टेट से जुड़े मामलों पर भी चर्चा होगी, जिसमें एक मुआवजा योजना भी शामिल हो सकती है, जो इस सेक्टर पर गहरा प्रभाव डाल सकती है। इस मामले से सीधे तौर पर जुड़े एक सूत्र के मुताबिक इस बैठक में 90-100 उत्पादों की दर को तार्किक बनाने के असर की समीक्षा किए जाने की उम्मीद है। समिति में उत्तर प्रदेश के वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना, राजस्थान के स्वास्थ्य मंत्री गजेंद्र सिंह खींमसर और केरल के वित्त मंत्री के.एन. बालगोपाल शामिल हैं। वर्तमान में जीएसटी का चार-स्तरीय कर ढांचा है जिसमें 5, 12, 18 और 28 प्रतिशत की दरें हैं। आवश्यक वस्तुओं पर या तो छूट दी गई है या उन्हें सबसे निचली दर पर टैक्स किया गया है, जबकि विलासिता और हानिकारक वस्तुओं पर उच्चतम 28 फीसदी की दर लागू होती है और उन पर अतिरिक्त उपकर भी लगाया जाता है। कुछ उत्पादों की दरों में बदलाव संभव हो सकता है लेकिन 12 और 18 फीसदी की दरों को मिलाना या 12 और 5 फीसदी की दरों को मिलाने जैसे बड़े सुधारों में समय लग सकता है।

# सेबी ने अनिल अंबानी के बेटे अनमोल पर 1 करोड़ का जुर्माना लगाया

## रिलायंस हाउसिंग फाइनेंस के चीफ कृष्णन गोपालकृष्णन पर भी 15 लाख का जुर्माना

**मुंबई ।**

शेयर बाजार नियामक सेबी ने रिलायंस होम फाइनेंस मामले में सामान्य कॉरपोरेट लोन (जीपीसीएल) को मंजूरी देते समय उचित सतर्कता न बरतने पर उद्योगपति अनिल अंबानी के बेटे अनमोल अंबानी पर 1 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है। इसके अलावा सेबी ने रिलायंस हाउसिंग फाइनेंस के चीफ रिस्क ऑफिसर कृष्णन गोपालकृष्णन पर 15 लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया है। सेबी ने अपने आदेश में कहा कि दोनों को 45 दिनों के भीतर यह राशि चुकानी होगी। यह आदेश अगस्त में सेबी द्वारा अनिल अंबानी और 24 अन्य लोगों को रिलायंस होम फाइनेंस लिमिटेड के फंड डायवर्जन (धन की हेराफेरी) के मामले में पांच साल के लिए शेयर बाजार से प्रतिबंधित करने के बाद आया है। साथ ही अनिल अंबानी पर 25 करोड़ रुपये का जुर्माना भी लगाया गया था। सेबी ने कहा कि अनमोल अंबानी ने सामान्य कॉरपोरेट लोन को मंजूरी दी थी, जबकि 11 फरवरी 2019 को कंपनी के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स ने ऐसे किसी भी लोन को मंजूरी न देने का स्पष्ट निर्देश दिया था। इसके बावजूद अनमोल अंबानी ने 14 फरवरी 2019 को 20 करोड़ रुपये के लोन को मंजूरी दी थी। सेबी ने कहा कि अनमोल अंबानी, जो कंपनी के गैर-कार्यकारी निदेशक थे, ने अपने अधिकारों से बाहर जाकर कंपनी के हितों के खिलाफ काम किया। उन्होंने शेयरधारकों के हित में काम नहीं किया और न ही सावधानी और सतर्कता के साथ अपने कर्तव्यों का पालन किया। सेबी ने यह भी बताया कि अनमोल अंबानी ने रिलायंस कैपिटल और रिलायंस होम फाइनेंस के बोर्ड में रहते हुए उचित सतर्कता का पालन नहीं किया। जीपीसीएल लोन के मामले में उन्होंने अन्य रिलायंस एडीएजी समूह की कंपनियों को फंड भेजने के मामले में भी उचित जांच नहीं की। कृष्णन गोपालकृष्णन ने भी कई जीपीसीएल लोन को मंजूरी दी और उन लोन के क्रेडिट अप्रूवल मेमो में दर्ज महत्वपूर्ण बदलावों के बारे में जानते थे। रिलायंस हाउसिंग फाइनेंस के चीफ रिस्क ऑफिसर के रूप में उन्हें अपनी जिम्मेदारियों के तहत सही प्रक्रिया का पालन करना चाहिए था और कंपनी के सभी हितधारकों के हित में काम करना चाहिए था। दोनों अनमोल अंबानी और गोपालकृष्णन ने सेबी के लिस्टिंग ओब्लिगेशन एंड डिस्क्लोजर रिक्वायरमेंट नियमों का उल्लंघन किया है।



# चीन की ब्याज दरों में कमी की घोषणा से भारत में चमके मेटल शेयर



**मुंबई ।** चीन के पीपल्स बैंक ऑफ चाइना द्वारा अगले सप्ताह में ब्याज दरों में कटौती की घोषणा का सीधा असर मंगलवार को भारतीय बाजारों के मेटल शेयरों पर नजर आया। भारत में सेंसेक्स और निफ्टी के फ्लैट कारोबार करने के बावजूद मेटल इंडेक्स 2 फीसदी की तेजी के साथ कारोबार कर रहे हैं और मेटल इंडेक्स में शामिल सारे शेयरों में तेजी देखने को मिल रही है। बीएसई पर मेटल शेयरों का कारोबार 32,420 पर शुरु हुआ, जबकि कल 32,178 पर बंद हुआ था। इस समय यह 2 फीसदी बढ़त के साथ 32,788 पर कारोबार कर रहा है। अमेरिका में फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरों में कटौती की घोषणा के कुछ ही हफ्तों बाद, चीन ने भी आर्थिक कदम उठाते हुए रिजर्व रिक्वायरमेंट रेशो में आधा प्रतिशत की कटौती की है। इस कटौती के बाद बैंकों को अब अपने पास नकदी का कम हिस्सा रखना होगा, जिससे बाजार में नकदी का प्रवाह बढ़ेगा। इसके साथ ही अगले एक हफ्ते में ब्याज दरों में भी कटौती की घोषणा की गई है।



# मर्डर मिस्ट्री सीरीज हनीमून फोटोग्राफर का ट्रेलर जारी

मर्डर मिस्ट्री सीरीज हनीमून फोटोग्राफर का ट्रेलर जारी कर दिया है। आशा नेगी अभिनीत इस फिल्म का ट्रेलर एक हनीमून गेटअवे के बारे में है, जो उस समय अराजकता में बदल जाता है जब दूल्हा समुद्र तट पर मृत पाया जाता है। छह-एपिसोड की श्रृंखला में आशा को अंबिका नाथ की भूमिका निभाते हुए दिखाया गया है, जो अधीर ईरानी (साहिल सलाथिया) और जोया ईरानी (अपेक्षा पोरवाल) के लिए एक हनीमून फोटोग्राफर है। यह यात्रा जल्दी ही एक बुरे सपने में बदल जाती है, जब अधीर समुद्र तट पर मृत पाया जाता है। अंबिका को पिछली रात की कोई याद नहीं है और अपने साथी रिहान (राजीव सिद्धार्थ) के लापता होने के कारण वह खुद को इस हत्या में मुख्य संदिग्ध पाती है। अंबिका का एकमात्र सहयोगी एल्विन (जेसन थाम) है, जो उसका दोस्त है और उसे निर्दोष साबित करने पर तुला हुआ है। अपने खुद के एजेंडे से प्रेरित होकर, पुलिसकर्मी दिव्या सावंत (संवेदना सुवालका) जांच का नेतृत्व करती है। आशा ने कहा, अपने करियर में मैंने कई भूमिकाएं निभाई हैं, लेकिन उनमें से ज्यादातर रोमांटिक और पारिवारिक रही हैं। मैंने हनीमून फोटोग्राफर को एक ताजी हवा के झोंके के रूप में देखा, क्योंकि शो का आधार शीर्षक से आप जो अनुमान लगाते हैं, उससे बहुत अलग है। अंबिका एक बहुत ही बहुस्तरीय चरित्र है और जैसे-जैसे आप आगे बढ़ते हैं, आप वास्तव में उसे विकसित होते हुए देखते हैं। इस किरदार ने मुझे वाकई चौंका दिया। शो का अपना रोमांच है, जिसमें बिल्ली और चूहे का पीछा करना और हर किरदार अपने-अपने कारणों से विजयी होने की कोशिश करना शामिल है। यह बहुत रोमांचक है और मैं चाहती हूं कि दर्शक इसे देखने का उतना ही आनंद लें, जितना मुझे इस तरह की कहानी का हिस्सा बनने में आया। शो में राजीव सिद्धार्थ और अपेक्षा पोरवाल भी हैं।



# रवीना ने चढ़ा दिया सोशल मीडिया का पारा, शेयर की फोटोज

अपने लंदन यात्रा की फोटो शेयर करके अभिनेत्री रवीना टंडन ने सोशल मीडिया का पारा चढ़ा दिया है। इस पोस्ट में वह दोस्तों और परिवार के सदस्यों के साथ इंजॉय करती दिख रही हैं। फोटोज में अभिनेता संजय कपूर भी उनके साथ दिख रहे हैं। साथ ही इन तस्वीरों में अद्भुत लंदन शहर भी दिख रहा है। उन्होंने यह तस्वीरें अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर शेयर कीं। तस्वीरों में वह सफेद शर्ट और हरे रंग की स्कर्ट में बेहद खूबसूरत लग रही हैं, साथ ही उन्होंने लाइट मेकअप भी किया हुआ है। अभिनेत्री के इंस्टाग्राम पर 8.5 मिलियन फॉलोअर्स हैं। इस पोस्ट में उनके साथ उनकी बेटी राशा और बेटा रणबीर वर्धन भी दिख रहे हैं। राशा मिनी ड्रेस और स्टाइलिश काले कोट में सबका ध्यान अपनी ओर खींच रही हैं। अभिनेता संजय कपूर और उनके बेटे जहान भी इस पोस्ट को मेमोरेबल बना रहे हैं। रवीना ने अपने इस पोस्ट में लंदन डायरीज और फ्रेंड्स लाइक फैमिली हैशटैग के साथ कैप्शन दिया, 'जस्ट बी...। बता दें कि रवीना टंडन फिल्म वितरक अनिल थडानी की पत्नी हैं। 1995 में उन्होंने पूजा और छाया नामक दो लड़कियों को शादी से पहले गोद लिया था। रवीना मशहूर निर्देशक रवि टंडन की बेटी हैं। उन्होंने अपने करियर की शुरुआत 1991 में एक्शन फिल्म पत्थर के फूल की थी। इसके बाद उन्होंने दिलवाले, खिलाड़ियों का खिलाडी, जिद्दी, लाडला, बड़े मियां छोटे मियां, दुल्हे राजा और अनाड़ी नंबर 1 जैसी हिट फिल्मों में काम किया। हाल ही में उन्होंने कन्नड़ फिल्म 'केजीएफ- चैप्टर 2' में काम किया है, जिसे प्रशांत नील ने लिखा और निर्देशित किया है। इस फिल्म का निर्माण विजय किरागंदूर ने होम्बले फिल्म्स के बैनर तले किया। इस फिल्म में यश, संजय दत्त, श्रीनिधि शेट्टी, प्रकाश राज जैसे कलाकारों ने काम किया था। इसके अलावा हाल ही में उन्होंने विवेक बुडाकोटी द्वारा निर्देशित और अरबाज खान द्वारा निर्मित कानूनी ड्रामा फिल्म 'पटना शुक्ला' में भी अभिनय किया है।

# करीना कपूर की हिरोइन में डायलॉग डिलीवरी कमाल की

बालीवुड फिल्म हिरोइन की डायलॉग डिलीवरी कमाल की है। फिल्म में करीना कपूर खान प्रमुख भूमिका में है। करीना किसी पहचान की मोहताज नहीं है। इनकी पर्सनल और पब्लिक लाइफ में सबको इंटरेस्ट भी है और ये उसे छुपाने में भी यकीन नहीं रखतीं। हिंदी सिनेमा में 25 साल पूरे कर चुकी हैं और इसका जश्न भी मनाया जा रहा है उन फिल्मों के जरिए जिसने इन्हें नई पहचान दी तो दर्शकों को कपूर फैमिली के एक और टैलेंट से मुलाकात कराई। करीना ने अपने करियर की शुरुआत रिफ्यूजी से की। करियर की शुरुआत के लिए ऑफबीट फिल्म कही जा सकती है लेकिन फिर करीना तो करीना हैं। 2000 में आई रिफ्यूजी के गाने हिट रहे, एक खास वर्ग को पसंद भी आई लेकिन बॉक्स ऑफिस पर धमाल नहीं मचा पाई। द ग्रेट शोमैन की पोती और रणधीर कपूर-बबीता की छोटी बेटी बेबो 21 सितंबर को अपना 44वां जन्मदिन मना रही हैं। बेबो ने कई फिल्में की कुछ हिट तो कुछ फ्लॉप लेकिन कुछ कैरेक्टर्स ऐसे जो दिमाग में छप गए। जैसे कभी खुशी कभी गम की पू। जिसमें एटीट्यूड है तो साफगोई भी। तेज तर्रार तो है लेकिन इमोशनल भी। काजोल की छोटी बहन पूजा शर्मा के रोल में दिखी करीना का डायलॉग कि कौन है जिसने पू को मुड़ कर नहीं देखा- सालों बाद भी अगर जेहन में ताजा है तो अदायगी को 100 फीसदी नंबर दिए जाने चाहिए। चमेली का- ये बोलता है हाथ मत लगाओ, दुनिया हाथ लगाने के लिए पैसा देती है! हो या फिर ऐतराज का- हमेशा मर्द ही गलत नहीं होता, औरत भी गलत हो सकती है। महिला सशक्तिकरण को सही मायने में परिभाषित करता है। करीना का नाम विवादों से भी जुड़ा। सबसे ज्यादा अपने रिलेशनशिप को लेकर। अपने से 10 साल बड़े सैफ अली खान से शादी को लेकर भी बवाल मचा तो बच्चों के नाम तैमूर और जहांगीर रखने पर भी खूब हल्ला हुआ। लेकिन करीना का ये डायलॉग कि मैं अपनी फेवरेट खुद हूं इन सवालों को जवाब देने में माहिर है। बेबो अपनी सोशल लाइफ को लेकर भी काफी सुर्खियों में बनी रहती हैं। बिग स्क्रीन के अलावा छोटे पर्दे पर कई टॉक शो में भी दिखीं तो ओटीटी पर जाने जान से डेब्यू किया। करीना की ही हिट फिल्म ओमकारा का डायलॉग है जो उनको बखूबी डिफाइन करता है- चाँद जब आधा हो जावे है ना, तो भी चाँद ही कहलावे है। अच्छी बात ये है कि करीना उम्र के हिसाब से खुद को ढाल रही हैं। 16 साल की लड़की की तरह पेड़ों के पीछे नहीं भाग रहीं बल्कि कैरेक्टर्स ऐसे चुन रही हैं जो उनकी उम्र से मेल खाते हैं। बकिंघम मर्डर्स को लेकर भी चर्चा में हैं। क्राइम थ्रिलर का निर्माण भी करीना कपूर ने किया है। फिल्म को उम्मीद के हिसाब से सफलता नहीं मिली लेकिन इस बार भी एक्टिंग की लोग दाद दे रहे हैं।



# आइफा 2024 में अपने बेहतरीन प्रदर्शन के लिए उत्सुक हूं:नोरा फतेही

अंतरराष्ट्रीय भारतीय फिल्म अकादमी पुरस्कार (आइफा) के 24वें संस्करण में अभिनेत्री नोरा फतेही धमाकेदार प्रस्तुति देने के लिए तैयार हैं। एक्ट्रेस ने कहा कि वह अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए उत्सुक हैं। एक्ट्रेस ने कहा, आइफा वीकेंड में प्रस्तुति देना मेरे लिए सम्मान की बात है। भारतीय सिनेमा का जश्न, दर्शकों की भारी भीड़, और एक से बढ़कर एक प्रदर्शन इसे अविस्मरणीय बनाता है। मैं अबू धाबी के यास द्वीप पर मंच पर अपने प्रदर्शन का इंतजार नहीं कर सकती। उन्होंने प्रशंसकों को चेतावनी देते हुए कहा, तैयार हो जाइए, क्योंकि यह अनुभव शानदार होने वाला है। प्रशंसकों को एक अद्भुत ट्रीट मिलेगी, जिसे वे कभी नहीं भूलेंगे। 32 वर्षीय नोरा फतेही ने अपनी करियर की शुरुआत हिंदी फिल्म रोअर- टाइगर्स ऑफ द सुंदरबन से की थी। इसके बाद उन्होंने टेम्पर, बाहुबली- द बिगिनिंग, और किक 2 जैसी तेलुगु फिल्मों में विशेष भूमिकाएँ निभाईं। उन्होंने सलमान खान द्वारा होस्ट किए गए विवादास्पद रियलिटी शो बिग बॉस में भी भाग लिया था।



नोरा ने दिलबर, गर्मी, साकी साकी, कुसु कुसु, जेडा नशा, एक तो कम जिंदगानी, पछताओगे, और माणिके जैसे आइटम सॉन्ग्स में अपने डांस से अपार लोकप्रियता हासिल की है। उन्हें हाल ही में विद्युत जामवाल की क्रैक और कुणाल खेमू की मडगांव एक्सप्रेस में देखा गया, जिसमें दिव्येंदु, प्रतीक गांधी, अविनाश तिवारी, उपेंद्र लिमये और छाया कदम भी शामिल हैं। नोरा अगली बार मटका में नजर आएंगी, जो 1958 से 1982 के बीच की पृष्ठभूमि पर आधारित है और मटका जुआ घोटालों पर केंद्रित है।

# ऐश्वर्या राय ने पेरिस फैशन वीक में बिखेरा जलवा



बॉलीवुड स्टार एवं पूर्व विश्वसुंदरी ऐश्वर्या राय बच्चन ने पेरिस फैशन वीक में जलवा बिखेर दिया। पेरिस फैशन वीक में ऐश्वर्या राय, सौंदर्य की दिग्गज कंपनी लोरियल के अम्बेस्डर के रूप में उपस्थित हुईं बैलून हेम रेड ड्रेस पहने, ऐश्वर्या ने अपने आकर्षक लुक से एक बार फिर साबित कर दिया कि उन्हें 'रैंप की रानी' क्यों कहा जाता है। ऐश्वर्या ने बहुत ही लाइट मेकअप के साथ बालों को खुला रखा और बोल्ड रेड लिप शेड के साथ अपने लुक में चार चांद लगा दिए। वह लोरियल पेरिस का प्रतिनिधित्व करते हुए बेहद आत्मविश्वास और शालीनता के साथ रनवे पर चलीं। उन्होंने वॉक के बाद अपनी भारतीय परंपरा को बरकरार रखते हुये फ्रांसीसी दर्शकों का अभिवादन 'नमस्ते' के साथ किया। ऐश्वर्या राय बच्चन ने पेरिस फैशन वीक 2024 में शानदार एंट्री की, और लोरियल पेरिस के लिए रनवे पर बिल्कुल आइकॉनिक स्टाइल में वॉक किया। ऐश्वर्या ने अपने हॉट लुक से महफिल लूट ली। 'पेरिस फैशन वीक 2024' में ऐश्वर्या की बेटी आराध्या भी नजर आईं।

# तापसी पन्नू ने 'दिवा एनर्जी' के बारे में की खुलकर बात

'दिवा एनर्जी' के बारे में बात करते हुए बॉलीवुड अभिनेत्री तापसी ने इसका मतलब समझाते हुए कहा है कि यह अपने आप पर गर्व करना और बिना किसी शर्म के अपनी पहचान को दुनिया के सामने पेश करना है। तापसी ने इंस्टाग्राम पर एक तस्वीर शेयर की। पोस्ट को कैप्शन देते हुए तापसी ने लिखा, दिवा एनर्जी- बोल्ड मूव्स, बड़े सपने और बेबाकी से खुद को पेश करना। इस महीने की शुरुआत में ऐसी खबरें सामने आई थी कि अभिनेत्री एक बार फिर एक्शन थ्रिलर गांधारी के लिए लेखिका कनिका ढिल्लों के साथ हाथ मिला रही हैं, जिसका निर्देशन देवाशीष मखीजा करेंगे, जिन्होंने जोरम बनाई थी। फिल्म की कहानी दृढ़ संकल्प और गहन व्यक्तिगत दांवों से भरी है, जो मनोरंजक रहस्य और उच्च स्तरीय एक्शन की पृष्ठभूमि पर आधारित है। स्ट्रीमिंग दिग्गज नेटफ्लिक्स के अनुसार दर्शक तापसी पन्नू को एक मिशन पर निकली एक उग्र मां के रूप में देखेंगे। अनुराग कश्यप की 'मनमर्जियां', 'हसीन दिलरुबा' और इसके सीक्वल 'फिर आई हसीन दिलरुबा', 'रश्मि रॉकेट' और राजकुमार हिरानी निर्देशित हिट 'डंकी' के बाद, 'गांधारी' तापसी और ढिल्लों की साझेदारी का छठा उदाहरण है। तापसी को पिछली बार अक्षय कुमार, वाणी कपूर, एमी विर्क और फरदीन खान अभिनीत 'खेल खेल में' में देखा गया था। यह फिल्म जोड़ों के बीच एक गेम नाइट के बारे में थी, जो एक-दूसरे के सामने अपने रहस्य कबूल करते हैं। वह जयप्रद देसाई के निर्देशन में बनी 'फिर आई हसीन दिलरुबा' में भी नजर आईं, इसमें अभिनेता विक्रांत मैसी और सनी कौशल भी हैं। तापसी और विक्रांत ने रानी और रिशु के अपने किरदारों को फिर से निभाया है। फिल्म रानी और रिशु के किरदारों पर आधारित है। इसमें दिखाया गया है कि वह एक बार फिर रोमांच के साथ बाधाओं को पार करते हैं। इस फिल्म का पहला पार्ट हसीन दिलरुबा था, जिसे 2021 में रिलीज किया गया था।



# द नाइट मैनेजर एमी अवॉर्ड्स 2024 में नॉमिनेट




बीते साल 2023 में ओटीटी सीरीज द नाइट मैनेजर हॉटस्टार पर रिलीज हुई थी। अनिल कपूर और आदित्य रॉय कपूर स्टारर इस सीरीज को लोगों ने काफी पसंद किया था। अब इस सीरीज को इंटरनेशनल एमी अवॉर्ड्स 2024 में नॉमिनेट किया गया है।

यह सीरीज डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर प्रसारित की गई थी। फिल्म में अनिल कपूर और आदित्य कपूर के साथ शोभिता धुलिपाला, तिलोत्मा शोमे, शाश्वत चटर्जी और जगदीश राजपुरोहित नजर आए थे। हॉटस्टार की ये सीरीज ब्रिटिश टीवी शो से इंस्पायर है जिसे संदीप मोदी और श्रीधर राघवन ने बनाया है। इस सीरीज की कहानी ब्रिटिश उपन्यास जॉन ले कारे और टीवी शो द नाइट मैनेजर से इंस्पायर्ड है। इस सीरीज में अनिल कपूर और आदित्य रॉय कपूर को दर्शकों ने काफी पसंद किया था। द इंटरनेशनल अकादमी ऑफ टेलिविजन आर्ट्स एंड साइंस के सीईओ ब्रूस एल पेसनर ने इसकी घोषणा कर दी है। ये सीरीज भारत की तरफ से नॉमिनेट की गई है। ये सीरीज अब दूसरे देशों की कहानियों के साथ कॉम्पटीशन करेगी। अब देखना होगा कि क्या ये सीरीज एमी अवॉर्ड्स अपने नाम कर पाती है या नहीं। बॉलीवुड की कई फिल्मों में काम करने के बाद वीर दास ने हॉलीवुड की दुनिया में एक खास पहचान बना ली है। वीर दास इस सीरीज को होस्ट करते नजर आएंगे। ये सीरीज हॉटस्टार पर देखी जा सकती है। आईएमडीबी पर इस सीरीज की रेटिंग 10 में 7.6 है। बता दें कि पूरी दुनिया में अपनी स्टैंडअप कॉमेडी का जलवा बिखेरने वाले कॉमेडियन वीर दास इस अवॉर्ड शो को होस्ट करने वाले हैं। वीर दास बीते साल ये अवॉर्ड भी जीत चुके हैं। एक्टर, कॉमेडियन और डायरेक्टर वीर दास इस शो में होस्टिंग करते नजर आएंगे। वीर दास एक इंटरनेशनल हिट सेलिब्रिटी हैं।